दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 12 | अंक : 184 | टोंक | बुधवार,05 मार्च, 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष षष्ठी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 4.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan


**मौसम** जयपुर

25.0° अधिकतम तापमान

13.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेक्स 72,989.93
-96.01 (0.13%)

निफ्टी 22,082.65
-36.65 (0.17%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना 88,855 /10g

चांदी 96,900 /Kg

## संक्षिप्त समाचार

### 10 ग्राम सोना 1112 बढ़कर 86432 हुआ

**90 हजार तक जा सकती है कीमत; चांदी 895 महंगी होकर 95293 किलो बिक रही**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोने-चांदी के दामों में मंगलवार को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,112 रुपए बढ़कर 86,432 रुपए पर पहुंच गया है। सोमवार को सोने का दाम 85,320 रुपए पर था। 19 फरवरी को गोल्ड ने 86,733 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत आज 895 रुपए चढ़कर 95,293 रुपए प्रति किलो हो गई है। कल चांदी का भाव 94,398 रुपए किलो था। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

### अन्नपूर्णा रसोई योजना को कमजोर कर रही सरकार : अशोक गहलोत

**कहा- कांग्रेस राज की इंदिरा रसोइयों की विदेशी तक तारीफ करते थे**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने अन्नपूर्णा रसोइयों में अव्यवस्थाओं का आरोप लगाते हुए सरकार पर तंज कसा है। गहलोत ने सरकार पर सस्ता खाना उपलब्ध करवाने की इस योजना को धीरे-धीरे कमजोर करने का आरोप लगाया है। गहलोत ने एक्स पर लिखा- कोई भूखा न सोए की भावना के साथ हमारे कार्यकाल में इंदिरा रसोई की शुरुआत की गई थी। भाजपा सरकार आने के बाद इस योजना का नाम बदल कर अन्नपूर्णा योजना कर दिया। नाम बदलने के बाद इस योजना को मजबूत करने का संकल्प करना चाहिए था, लेकिन इसे धीरे-धीरे कमजोर किया जा रहा है। गहलोत ने आगे लिखा- मुझे याद है कि हमारे कार्यकाल में विदेशी पर्यटकों ने जोधपुर में इन्दिरा रसोइयों की तारीफ की थी। यहां विदेशी पर्यटकों का भोजन करना एक आम बात हो गई थी। अब भाजपा सरकार में यहां किसी रसोई में खाना नहीं है तो कहीं पर गंदगी है। ठंडा भोजन परोस रहे हैं। इस वजह से आने वाले लोग निराश हो रहे हैं।

### सूचना सहायक भर्ती को लेकर बेरोजगारों ने किया विरोध

**मंत्री बोले- विभाग की वजह से नहीं हो रही देरी, कोर्ट में विचाराधीन है मामला**

**जयपुर।** राजस्थान में सूचना सहायक भर्ती परीक्षा को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के स्पष्टीकरण के बावजूद मंगलवार को बड़ी संख्या में बेरोजगार युवा विभाग के मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने शॉर्ट लिस्ट अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को पूरा करने की मांग की। वहीं कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज को जल्द से जल्द इस पूरी प्रक्रिया के निस्तारण करने के आदेश दिए। कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया- विभाग के स्तर पर सूचना सहायक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। सूचना सहायक भर्ती के फाइनल रिजल्ट पर हाईकोर्ट द्वारा रोक लगाई गई है। इस पर अगली सुनवाई 21 मार्च को होगी।



# टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में

## सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराया; कोहली के 84 रन

बढ़ता राजस्थान

**दुबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच बने चेज मास्टर विराट कोहली, जिन्होंने 84 रन की बेहद अहम पारी खेली। दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल में कोहली ने रन चेज में 3 बड़ी साझेदारियां भी कीं।

उन्होंने श्रेयस अय्यर के साथ 91, अक्षर पटेल के साथ 44 और केएल राहुल के साथ 47 रन जोड़े। इन्हीं पार्टनरशिप ने रन चेज को आसान बनाया। आखिर में हार्दिक पंड्या ने तेजी से 28 रन बनाए और केएल राहुल ने छक्का मारकर जीत दिलाई। वे 42 रन बनाकर नाबाद लौटे।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की और 265 रन का टारगेट दिया। ऑस्ट्रेलिया से कप्तान स्टीव स्मिथ ने 73 और एलेक्स कैरी ने 61 रन बनाए। इंडियन बॉलर्स ने ऑस्ट्रेलिया को ऑलआउट कर दिया। मोहम्मद शमी ने 3, रवींद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए।



**कोहली- यह पारी पाकिस्तान के खिलाफ पारी जैसी**



मेरी यह पारी पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच की पारी जैसी थी। परिस्थितियों को समझना और स्ट्राइक रोटेट करना। ऐसी पिच पर साझेदारी अहम होती है। मेरी टाइमिंग, क्रीज पर मेरा संयम, और सबसे अच्छी बात यह थी कि मैं हड़बड़ी में नहीं था। मैंने जो सिंगल्स लिए, वही मेरे लिए सबसे संतोषजनक था।

**मुख्यमंत्री ने ली समीक्षा बैठक**

# राज्य के धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के विकास के लिए सरकार संकल्पबद्ध : मुख्यमंत्री शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल हमारी प्राचीन विरासत का महत्वपूर्ण अंग है। राज्य सरकार इस गौरवशाली विरासत के संरक्षण और विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। हमारे आस्था स्थलों का संरक्षण कर हम पर्यटन क्षेत्र को भी विकसित कर सकते हैं। इससे बड़ी संख्या में रोजगार का भी सृजन होगा।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश के विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास के साथ विरासत का संरक्षण हमारा ध्येय है और इस पर कार्य करते हुए हम आस्था धामों के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न मंदिरों के जीर्णोद्धार और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को राजस्थान की गौरवशाली ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत से रूबरू कराया जाना आवश्यक है। इसके लिए स्कूली विद्यार्थियों को प्रसिद्ध स्मारकों एवं ऐतिहासिक स्थलों की नियमित यात्राएं करवाई जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प पत्र में ब्रज चौरासी सर्किट को भक्ति पर्यटन के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा की गई थी। इस हेतु ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग पर पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग सहित पूंछरी का लोठा डीग के विकास कार्यों को भी गति दी जाए। उन्होंने गोकुल जाट पेनोरमा, राजा खेमकरण पेनोरमा, देव बाबा पेनोरमा, गोविन्द स्वामी पेनोरमा के निर्माण के लिए सभी प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा कर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। शर्मा ने अधिकारियों को जैसलमेर स्थित तनोट माता मन्दिर में विकास कार्य करवाने तथा वहां आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने की उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गिरदुवाला, ग्राम कुलधरा एवं लोंगेवाला की जैसलमेर और तनोट से कनेक्टिविटी बेहतर करने के साथ ही यहां पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित की जाए।

**सांभर लेक क्षेत्र का गुजरात के रण क्षेत्र की तर्ज पर किया जाए विकास-मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर के पास स्थित सांभर लेक क्षेत्र भी गुजरात के रण क्षेत्र की तरह महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल बन सकता है। यहां होने वाले सांभर फेस्टिवल में बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैलानी हिस्सा लेते हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर्यटकों के लिए और अधिक सुविधाएं विकसित कर इसका पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाए।

# रोड एक्सीडेंट में घायलों को फ्री इलाज इसी महीने से

## 1.5 लाख तक खर्च सरकार उठाएगी, हरियाणा-पंजाब समेत 6 राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट सफल

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोड एक्सीडेंट में घायलों को इसी महीने यानी मार्च 2025 से डेढ़ लाख रुपए तक का फ्री इलाज मिलेगा। यह नियम प्राइवेट हॉस्पिटल के लिए भी अनिवार्य होगा। देशभर में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा। एनएचएआई इसके लिए नोडल एजेंसी का काम करेगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक, योजना के लिए मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 में पहले ही संशोधन हो चुका है। इस योजना को पूरी तरह से लागू करने से पहले बीते 5 महीनों में पुडुचेरी, असम, हरियाणा और पंजाब सहित छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया, जो सफल रहा। एनएचएआई ऑफिसर ने बताया कि घायल को पुलिस या कोई आम नागरिक या संस्था जैसे ही हॉस्पिटल पहुंचाएगी, उसका इलाज तुरंत शुरू हो जाएगा। इसके लिए कोई फीस भी जमा नहीं करनी होगी। घायलों के साथ चाहे परिजन हो या नहीं, हॉस्पिटल उसकी देखरेख करेंगे। प्राइवेट और सरकारी दोनों ही हॉस्पिटल को कैशलेस इलाज देना होगा। नितिन गडकरी ने कैशलेस ट्रीटमेंट योजना लॉन्च की थी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 14 मार्च 2024 को रोड एक्सीडेंट पीड़ितों को कैशलेस इलाज देने के लिए पायलट प्रोजेक्ट कैशलेस ट्रीटमेंट योजना शुरू किया था। इसके बाद 7 जनवरी 2025 को गडकरी ने योजना को देशभर में ऑफिशियली लॉन्च करने की घोषणा की।

# विधानसभा में कांग्रेस का हंगामा, नारेबाजी

## कांग्रेसियों ने पेपर बेचकर जेबें भरी, युवा लुट गया : दिलावर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आरोपों पर नेता प्रतिपक्ष सहित कांग्रेस विधायकों ने कड़ी आपत्ति की और आरोपों को सदन की कार्यवाही से निकालने की मांग की। शिक्षा मंत्री के आरोपों से नाराज कांग्रेस विधायकों ने वैल में आकर हंगामा और नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि इस तरह आरोप लगाकर आप सदन में नई परिपाटी मत डालिए। फिर तो हम भी आरोप लगाएंगे कि भाजपा के लोग चोरी कर रहे हैं, घोटाले कर रहे हैं। इससे पहले भाजपा विधायक बाबूसिंह राठौड़ ने कहा- स्कूलों में सूर्य नमस्कार शुरू हुआ है, यह अच्छा काम है। जिस तरह स्कूलों में सूर्य नमस्कार लागू किया है, इसी तरह रामायण ,महाभारत और गीता पढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने ग्रेड थर्ड टीचर्स के तबादले की भी मांग उठाई। वहीं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के गैर हाजिर रहने का मुद्दा आज सदन में उठा। भाजपा विधायक सुभाष मील ने कहा कि अभी विपक्ष के विधायक बड़ी जोर से बात कर रहे थे, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि अगर आपकी सरकार ने पिछले 5 साल में शिक्षा की भलाई के लिए कुछ भी किया होता तो आपके तत्कालीन शिक्षा मंत्री यहां मौजूद होते। सदन में सूरत अग्निकांड में राजस्थानियों को हुए नुकसान का मुद्दा उठा। कांग्रेस विधायक रफीक खान ने शून्यकाल में कहा कि इन व्यापारियों की सरकार को सुध लेनी चाहिए। सूरत अग्निकांड के पीड़ित राजस्थानी व्यापारियों का मुद्दा उठा रहा है। आज विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और वन मंत्री संजय शर्मा के बीच नोकझोंक हो गई। नेता प्रतिपक्ष की टोकाटाकी से नाराज वन मंत्री ने कहा कि- आप बार-बार खड़े क्यो हो जाते हो। विधानसभा में आज विपक्ष ग्रेड थर्ड टीचर ट्रांसफर, पुराने ट्रैक्टर पर टैक्स आदि मुद्दों को भी उठा सकते हैं।



**कांग्रेस राज में स्कूली बच्चों के आधार बनाने की मशीनों से रोहिंग्याओं के कार्ड बन गए : दिलावर**

मदन दिलावर ने कहा- कांग्रेस राज के दौरान स्कूली बच्चों के आधार बनाने के लिए खरीदी गई मशीनों का दुरुपयोग हुआ। 1290 मशीन खरीदी गई। इसमें करोड़ों रुपए कमाए। आधार मशीनें राजस्थान से बाहर वेस्ट बंगाल और बांग्लादेश तक पहुंच गईं। इन मशीनों से रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों तक के आधार कार्ड बन गए। इससे देश की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया, लेकिन कांग्रेस ने इसकी कोई चिंता नहीं की।

आधार मशीनें समसा की थी। अभी भी 131 मशीन वापस नहीं आई हैं। हमारी सरकार ने फर्म के खिलाफ एफआईआर करवाई है। मदन दिलावर ने कहा कि प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) परीक्षाओं में जो बाहर के एग्जामिनर आते हैं। उनका भव्य स्वागत होता था। होटल में रुकवाया जाता था।



**स्कूलों में महाभारत, गीता और रामायण पढ़ाएं : राठौड़**

भाजपा विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने शिक्षा की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कहा कि आपने सबके तबादले किए, लेकिन ग्रेड थर्ड शिक्षक अब भी इंतजार कर रहे हैं, उनके तबादले अब तक नहीं हुए हैं। ग्रेड थर्ड शिक्षकों ने आपका क्या बिगाड़ा है? हर सरकार कहती है कि हम ट्रांसफर पॉलिसी बनाएंगे, लेकिन ग्रेड थर्ड वाले आज भी इंतजार कर रहे हैं। कांग्रेस राज ने ग्रेड थर्ड शिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन मांगे , 85000 आवेदन आए, लेकिन एक भी ट्रांसफर नहीं हुआ और वह आज भी इंतजार कर रहे हैं।


श्री त्र्यबकेश्वरायनमः

श्रीक्षेत्र त्र्यंबकेश्वर के पुरोहित

श्री. उमेश यशवंत शिखरे

चि. श्रीहरी उमेश शिखरे

मातृ पितृ छाया, गाडगे महाराज धर्मशाला के सामने पाटील गल्ली, त्र्यंबकेश्वर, जि. नासिक



हमारे यहां कालसर्प शांति, नारायण-नागबली, त्रिपिंडी श्राद्ध अभिषेक, लघुरुद्र, जप अनुष्ठान ई. सभी और त्र्यंबकेश्वर में होने वाले सभी धार्मिक किये जाते है।

बारा ज्योतिर्लिंगोमेसे सबसे बड़ा त्र्यंबकेश्वर है। यहीपे कुंभ का मेला लगता है। गोदावरी नदी का उगमस्थान, ब्रह्मगिरी, गंगाद्वार, निलपर्वत, निवृत्तीनाथ महाराज समाधी, कुशावर्त तीर्थ आदि धार्मिक स्थल दर्शनिय है।

## सम्पादकीय

# बराबरी का शुल्क और भारत के पास विकल्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने दूसरी बार सत्ता संभालते ही जो सबसे अहम मगर उथल-पुथल मचाने वाली घोषणाएं की हैं, उनमें एक है व्यापारिक साझेदारों पर 'बराबरी का शुल्क'। व्हाइट हाउस से 13 फरवरी 2025 को जारी विज्ञप्ति में व्यापक ब्योरा देते हुए बताया गया है कि अमेरिका पांच कसौटियों का इस्तेमाल कर देखेगा कि उसके व्यापार साझेदार उसके साथ बराबरी का बरताव कर रहे हैं या नहीं। इसमें अमेरिकी उत्पादों पर लगने वाले शुल्क के साथ व्यापार की राह में दूसरी बाधाएं, सब्सिडी और/अथवा कोई उपाय और साझेदार देश में विनिमय दरों, करों अथवा नियामकीय जरूरतों से जुड़ी वे नीतियां शामिल हैं, जो अमेरिकी प्रशासन की नजर में भेदभाव करने वाली हैं या अमेरिकी कंपनियों, कर्मचारियों और/अथवा उपभोक्ताओं को बाजार में बिल्कुल नहीं आने देतीं या कम आने देती हैं। अमेरिका अपने हरेक व्यापार साझेदार के साथ लगभग 13,000 वस्तुओं का व्यापार करता है और इनमें से हर किसी को ऊपर बताई गई कसौटियों पर कसना लगभग असंभव लगता है। इसलिए इस बात की अटकलें जमकर लगाई जा रही हैं कि शुल्क का मूल्यांकन किसी खास उत्पाद के लिए होगा या समूचे उद्योग अथवा क्षेत्र का औसत शुल्क देखा जाएगा। सवाल यह भी है कि अमेरिका एकतरफा कार्रवाई करेगा या वह भी परिधान और वस्त्र जैसे उन क्षेत्रों अथवा उद्योगों में शुल्क घटाएगा, जिनमें वह दूसरों से ज्यादा शुल्क लगाता है। चूंकि अभी तक इन सवालों और इनसे जुड़े दूसरे कई सवालों का कोई जवाब नहीं आया है, इसलिए अभी इंतजार करके यह देखना शायद सबसे सही होगा कि अप्रैल और उसके बाद बराबरी का शुल्क किस तरह लगाया जाता है। हां, इस बीच व्यापार के दूसरे विकल्पों पर विचार किया जा सकता है। फिर भारत के पास विकल्प क्या हैं? भारत ने अभी तक एहतियातन पहले ही कदम उठाने का तरीका अपनाया है। यह मेक्सिको या कनाडा के रुख से उलट है। दोनों देशों ने उत्पादों पर 25 फीसदी शुल्क लगने के बाद वादा किया कि अमेरिका में अवैध घुसपैठ और फेंटनाइल ओपिऑइड की तस्करी पर रोक लगाने के लिए वे अपनी-अपनी सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ाएंगे। एक तरह से यह सीमा सुरक्षा बढ़ाने की उनकी नीतियों का विस्तार ही था। उनसे उलट भारत ने अमेरिकी आयात पर लगाए जा रहे शुल्क की ट्रंप द्वारा की गई आलोचना का जवाब दिया है।

फरवरी 2025 में पेश बजट में 1,600 सीसी इंज वाली मोटरसाइकल समेत कुछ उत्पाद श्रेणियों पर शुल्क कम कर दिए गए। इसके कुछ दिन बाद ही बर्बेन व्हिस्की पर आयात शुल्क घटा दिया गया, जो जाहिर तौर पर अमेरिका को खुश करने के लिए किया गया। इसके बाद भी ट्रंप भारत की शुल्क दरों पर टिप्पणियां करते रहे और बराबरी के शुल्क के मामले में भारत के साथ किसी तरह की रियायत बरतने का संकेत भी उन्होंने नहीं दिया। ध्यान रहे कि भारत उन शीर्ष 15 व्यापार साझेदारों में है, जिनके साथ अमेरिका निर्यात से ज्यादा आयात करता है यानी व्यापार घाटे में है।

भारत अभी अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की तैयारी कर रहा है मगर ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी व्यापार नीति की चुनौतियों से निपटने के लिए शायद इतना काफी नहीं होगा। मेक्सिको और कनाडा पर शुल्क लगाकर ट्रंप ने साबित कर दिया है कि वह अपने पहले कार्यकाल में हुए अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा समझौते को ताक पर रखने के लिए तैयार हैं। ऐसे में भारत को अपने निर्यात बाजारों तथा उत्पादों में विविधता लाकर व्यापार के अवसर लपकने होंगे। वह दूसरे देशों द्वारा हाल में उठाए गए व्यापारिक कदमों से सबक ले सकता है। उदाहरण के लिए व्यापार में विविधता लाने की नीति के तहत कुछ देशों ने मुक्त व्यापार समझौतों के लिए अपनी बातचीत तेज कर दी है। मेक्सिको और यूरोपीय संघ ने हाल ही में अपने पिछले व्यापार समझौते को बेहतर बनाया है।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 5 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- नासिर खुसरो ने 1046 में अपने 6 साल लंबे मध्यपूर्व सफ़र का आरंभ किया जिसके उपरांत उन्होंने आज भी फ़ारसी भाषा की श्रेष्ठतम कृतियों में गिनी जाने वाली सफ़रनामा लिखी।
- महाराजा जय सिंह ने 1699 में अंबर का सिंहासन संभाला।
- ऑस्ट्रिया के सैनिकों ने 1793 में फ्रांस को हरा कर उसके साम्राज्य पर फिर से कब्जा किया।
- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की 1851 में स्थापना।
- निकोला टेस्ला ने 1904 में बॉल तड़ित की व्याख्या की।
- सोवियत संघ ने 1918 में पेट्रोग्राड को हटाकर मॉस्को को रूस की राजधानी बनाया।
- महात्मा गांधी ने 1931 में सविनय अवज्ञा आंदोलन खत्म किया।
- भारत में झारखंड पार्टी की 1949 में स्थापना हुई।
- कनाडा में 1962 में आयकर नियमों में बदलाव किया गया।
- मार्टिन लूथर किंग की 1968 में हत्या।
- 1974 में हुए योम किप्पुर युद्ध में इसरायल स्वेज नहर की पश्चिमी सीमा से पीछे हटा।
- वेनेरा 14 नामक रूसी उपग्रह 1982 में बुध की कक्षा में पहुँचा।
- सन 1990 में सरकार ने 1984 के भोपाल गैस त्रासदी के पांच लाख पीड़ितों के लिए 360 करोड़ रुपए की अंतरिम राहत की घोषणा की।
- उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच 1997 में 25 साल में पहली बार शांति वार्ता हुई।
- अभिनेता संजय दत्त के पिता और फिल्म अभिनेता सुनील दत्त ने 1999 में कोलंबो से 17 सदस्यीय दल के साथ दक्षिण एशिया की 13 हजार किलोमीटर लम्बी सद्भावना यात्रा आरम्भ की।
- मक्का मदीना में 2001 में हुए ईद के दौरान भगदड़ में लगभग 40 यात्री मरे।
- सन 2002 में राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन सम्पन्न।
- भारत ने समुद्र से ज़मीन पर हमला करने वाले 'ब्रह्मोस' मिसाइल का 2008 में सफल परीक्षण किया।
- इफ्को ('इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव लिमिटेड) 2009 में एक करोड़ टन उर्वरक की वार्षिक बिक्री करने वाली विश्व की पहली कम्पनी बनी।

### 5 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- भगत सिंह की क्रांतिकारी गतिविधियों में सहयोग करने वाली स्वतंत्रता सेनानी सुशीला दीदी का 1905 में पंजाब में जन्म।
- 'भारतीय शास्त्रीय संगीत' की प्रसिद्ध गायिका गंगूबाई हंगल का 1913 में जन्म।
- ओडिशा के प्रसिद्ध नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक का 1916 में जन्म हुआ।
- पसोलीनी, इतालवी फिल्म निर्देशक पियर पयोलो का 1922 में जन्म हुआ।

# निरस्त्रीकरण आज विश्व की आवश्यकता है



– सुनील कुमार महला

**फ्रांस, चीन और जर्मनी,इटली, यूनाइटेड किंगडम, स्पेन, दक्षिण कोरिया, इजरायल भी शीर्ष हथियार निर्यातक देशों में शामिल हैं। वास्तव में,वैश्विक हथियार व्यापार एक बहुत बड़ा उद्योग है, जो सदियों-सदियों से अस्तित्व में है। कहना ग़लत नहीं होगा कि हर साल दुनिया में अरबों डॉलर के हथियारों की खरीद-फरोख्त की जाती है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2021 में दुनिया भर में हथियारों का व्यापार 127 बिलियन डॉलर था।आज स्थिति यह है कि दुनिया के विभिन्न हथियार निर्यातक देश हर साल हथियार बेचकर अरबों-खरबों रुपये कमाते हैं।**

हर वष 5 माच का 'अतराष्ट्राय निरस्त्रीकरण और अप्रसार जागरूकता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि यह दिवस विशेष रूप से युवाओं में निरस्त्रीकरण के मुद्दों के बारे में जागरूकता और समझ को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। गौरतलब है कि इस दिवस की शुरुआत शांति और सुरक्षा के लिए निरस्त्रीकरण और अप्रसार के महत्व को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2021 में संयुक्त राष्ट्र महासभा(यूएनजीए) द्वारा इसकी स्थापना की गई थी। यदि हम यहां इसके इतिहास की बात करें तो इस संदर्भ में 7 दिसंबर 2022 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव अपनाया और प्रति वर्ष 5 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय निरस्त्रीकरण और अप्रसार जागरूकता दिवस के रूप में घोषित किया। गौरतलब है कि 5 मार्च 2023 को अंतर्राष्ट्रीय निरस्त्रीकरण और अप्रसार जागरूकता दिवस का पहला आयोजन किया गया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष 24 से 30 अक्टूबर तक 'संयुक्त राष्ट्र निरस्त्रीकरण सप्ताह' मनाया जाता है। कहना चाहूंगा कि इस सप्ताह का आयोजन निरस्त्रीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए किया जाता है।इसी तरह से, परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस 26 सितंबर को मनाया जाता है।सच तो यह है कि आज पूरा विश्व बारूद के ढ़ेर पर खड़ा हुआ है। संपूर्ण विश्व में हथियारों की होड़ लगी हुई है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि आज विश्व में अमेरिका सबसे बड़ा हथियार निर्यातक देश है, जबकि रूस दूसरे स्थान पर है। स्वीडिश थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार, वर्ष 2019-23 की अवधि के लिए भारत दुनिया का शीर्ष हथियार आयातक था, जिसमें वर्ष 2014-18 की अवधि की तुलना में आयात में 4.7त्न की वृद्धि हुई थी। वहीं, यूक्रेन में युद्ध की पृष्ठभूमि में, रिपोर्ट में यह बात कही गई है कि वर्ष 2014-18 और वर्ष 2019-23 के बीच यूरोपीय देशों द्वारा हथियारों के आयात में 94% की वृद्धि हुई है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2019-23 में 10 सबसे बड़े हथियार आयातकों में से नौ, जिनमें भारत, सऊदी अरब और कतर के शीर्ष 3 शामिल हैं, एशिया और ओशिनिया या मध्य पूर्व में थे। वर्ष 2022-23 में 30 से अधिक देशों से प्रमुख हथियारों का हस्तांतरण प्राप्त करने के बाद यूक्रेन वैश्विक स्तर पर चौथा सबसे बड़ा हथियार आयातक बन गया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यूरोप के राज्यों ने वर्ष 2014-18 और वर्ष 2019-23 के बीच प्रमुख हथियारों के अपने आयात को लगभग दोगुना (+94 प्रतिशत) कर दिया। वर्ष 2019-23 में एशिया, ओशिनिया और मध्य पूर्व में हथियारों की कहीं बड़ी मात्रा प्रवाहित हुई, जहां 10 सबसे बड़े हथियार आयातकों में से नौ हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका ने वर्ष 2014-18 और वर्ष 2019-23 के बीच अपने हथियारों के निर्यात में 17 प्रतिशत की वृद्धि की, जबकि रूस के हथियारों का निर्यात आधा हो गया। रूस पहली बार तीसरा सबसे बड़ा हथियार निर्यातक था, जो फ्रांस से ठीक पीछे था। बहरहाल,कहना चाहूंगा कि आज अमरीका, रूस और चीन जैसी बड़ी ताक़तों की आपसी होड़ बढ़ने के कारण हथियारों के वैश्विक कारोबार में लगातार बढ़ोतरी हुई है।हैरानी की बात तो यह है कि आज पूरे विश्व में हथियारों का कारोबार तेज़ी से फल-फूल रहा है। हर साल हथियारों का कई बिलियन डॉलर का अंतरराष्ट्रीय कारोबार होता है। आंकड़े बताते हैं कि आज भारत दुनिया के हथियार बेचने वाले 25 बड़े देशों में की सूची में शामिल है।भारत 2015 से 2019 की अवधि तक दूसरा सबसे ज्यादा हथियार खरीदने वाला देश रहा। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2023-24 देश में 1.27 लाख करोड़ रुपये के हथियारों का निर्माण हुआ यानी रक्षा उत्पादन किया गया। यह उत्पादन वर्ष 2014-15 की तुलना में 2.7 गुना ज्यादा है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार 2029 तक रक्षा निर्यात को 50,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं कि हथियारों की होड़ के कारण आज दुनिया विनाश के मुहाने पर खड़ी हुई है। यदि हम यहां रूस-यूक्रेन युद्ध की ही बात करें तो तीन साल की जंग में यूक्रेन 18 प्रतिशत तक सिकुड़ गया है। दोनों देशों (रूस-यूक्रेन) के बीच विध्वंस, तबाही और बर्बादी में हजारों लाखों लोग मारे जा चुके हैं। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार रूस-यूक्रेन युद्ध से अब तक 1-1.5 खरब डॉलर (लगभग 80-125 लाख करोड़ रुपये) का नुकसान हो चुका है, जो कि बहुत बड़ी क्षति है। युद्ध के कारण कोई भी देश बहुत पीछे चला जाता है और उससे उबरना बहुत ही मुश्किल होता है। युद्ध के कारण आर्थिक व जान-माल को तो नुकसान पहुंचता ही है पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र भी व्यापक असर पड़ता है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इजरायल में युद्ध ने 67.57 अरब डॉलर का नुकसान पहुंचाया है, जहां स्वास्थ्य और शिक्षा का बजट जंग में खर्च हुआ। वहीं, गाजा और वेस्ट बैंक में 50 अरब डॉलर का निवेश बर्बाद हुआ, बेरोज़गारी दर 80त्न तक पहुंच गई और 61त्न लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि ?निरस्त्रीकरण का मतलब है-% हथियारों को कम करना, सीमित करना या खत्म करना।% वास्तव में, यह आम तौर पर किसी देश के सैन्य या किसी खास तरह के हथियारों को संदर्भित करता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि निरस्त्रीकरण के ज़रिए, हथियारों की होड़ को रोका जा सकता है।

# आने वाले कल के लिए जल के लिए भी सोचें




– संजीव ठाकुर

**यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।**

जल की एक बूंद का संरक्षण मानवीय जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी है। जल की एक-एक बूंद जीवन के लिए बेशकीमती और बहु उपयोगी है। जल की बर्बादी भविष्य के बहुत बड़े खतरे को इंगित करती है, यदि पृथ्वी पर जल नहीं होगा तो जीवन की संभावनाएं भी विलुप्त हो जाएंगीं। सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग हैद्यपृथ्वी की सतह का लगभग 70% भाग जल से आच्छादित हैपृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97% समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है द्यअत: मात्र 3% जल ही पीने के योग्य है, इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुश्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामत: पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा। अत: यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान



दुर्गेश शर्मा
( टैंकर ठेकेदार )

नमस्कार साथियों हमारी शख्सियत कॉलम के स्टार हैं एक ऐसे युवा जिन्होंने गत वर्ष गर्मियों में लोगों की प्यास बुझाई। हालांकि इन्हे जलदाय विभाग व प्रशासन द्वारा ठेका दिया गया था लेकिन यहां कहना चाहूंगा कि देर रात तक जाग कर जनता को पानी उपलब्ध करया जो किसी भी सूरत में एक समाजसेवा से कम नहीं। गत कई वर्षों से शहर अलवर की तपती झुलसती गर्मियों में प्यास बुझाने में लगा युवा ठेकेदार दुर्गेश कुमार शर्मा, जलदाय विभाग खंड प्रथम अलवर में आने वाले 1 से 14, व 58 से 65 वार्डो में ठेकेदार दुर्गेश शर्मा द्वारा टैंकरों से समस्या ग्रस्त क्षेत्रों में बड़ी ही आसान व सरल स्वभाव से जनता तक पानी पहुंचाया। सभी वार्ड पार्षदों द्वारा दुर्गेश के कार्य को देखते हुए संतुष्टि रही। कई मौकों पर जहां लगता है कि पानी भरने को लेकर आमजन में झगड़े की संभावना हो सकती थी वहां दुर्गेश खुद मौके पर पहुंच कर जन समझाइश कर खुद खड़े होकर जल वितरण करवाते हैं। लोकसभा आमचुनाव में भी दुर्गेश के द्वारा पानी की अच्छी व्यवस्था रखी गई। कभी कोई आमजन व पार्षदों से शिकायत नहीं मिली, संबंधित कार्य क्षेत्र में भीषण गर्मी में कभी जाम जैसी स्थिति पैदा नहीं हुई। 2024 में शहर में नौतपा व भीषण गर्मी के चलते पानी की अत्यधिक समस्या रही, जिस गर्मी में लोग एसी कूलर की ठंडक में बैठकर अपने शरीर को आराम देते है वहीं दुर्गेश के द्वारा भीषण गर्मी में भी पानी की व्यवस्था बढ़िया रखी गई। सुबह 4 बजे से रात्रि 2 बजे तक सड़कों व मोहल्लों में टैंकर दौड़ते व जनता को पानी भरवाते दिखाई देते थे। 2024 मे गमद चीमक से हुए झगड़े में एक दिन हड़ताल रहीए विभाग के बड़े अधिकारी व पार्षदों व पत्रकार व प्रशासन अलवर के द्वारा जन हित में समझाइश से झगड़े को भूल दुबारा जल आपूर्ति का कार्य स्टार्ट किया, ठेकेदार दुर्गेश द्वारा बताया गया कि 2024 जैसी गर्मी व जल संकट पहले कभी नहीं देखा इस जल संकट में अधिकारी प्रतीक जुईकर जी जोकि तत्कालीन एसडीएम रहे। कुछ पार्षदों ने हमारे साथ कंधे से कंधा मिलकर काम किया जिनमें सुनील चौधरी, मुकेश सारवान के भाई जितेंद्र सारवान, नारायण साईवाल, घनश्याम सोनी, ज्योति जाटव पति अमरसिंह, अजय मेठी, लव कुमार समाजसेवक,महेश नायक, जीतू सैनी, दुर्गा सिंह, सोनू चौधरी, अशोक पाठक व सभी शहर के सभी पत्रकारों ने सहयोग किया। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

## Suduko

2025_062 a बढ़ता राजस्थान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | | 2 |
| 7 | | | | 2 | 1 | | | 5 |
| | | | | 7 | 8 | | | |
| | | | 7 | | | 5 | 4 | 6 |
| | 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 7 | 2 | |
| | | | 2 | 4 | | 1 | | 8 |
| | 9 | 5 | | | | 8 | 6 | 7 |
| 6 | | 8 | | | 3 | | | 4 |
| | | | 8 | | | 9 | 5 | |

Ans_2025_061

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 4 | 5 | 8 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 2 | 7 | 6 | 1 | 3 | 9 | 4 | 5 | 8 |
| 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 4 |
| 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

### वृष
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी।

### मिथुन
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे।

### कर्क
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है। धन लाभ होगा और अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

### सिंह
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

### कन्या
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

### तुला
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

### वृश्चिक
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

### धनु
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा।

### मकर
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

### कुंभ
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

### मीन
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आज कोई नया काम शुरू ना करें। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

# बनास नदी में डूबे व्यक्ति का शव बरामद

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** चनक्या देह बनास नदी में शुक्रवार सांय को डूबे व्यक्ति को जिला बचाव राहत दल की सिविल डिफेन्स टीम, एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ का संयुक्त सर्च अभियान चलाकर मंगलवार को उसका शव बरामद कर लिया है। जिला कलक्टर शुभम चौधरी के नेतृत्व में कमाण्डेन्ट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार आपदा राहत एवं बचाव हेतु एसडीआरएफ बी कम्पनी कोटा की कम्पनी मुख्यालय पर तैनात रेस्क्यू टीम के प्रभारी हैडकानि0 रामकुमार ने 11 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ ग्राम दोबडा खुर्द के समीप बनास नदी में स्नान करने के दौरान पैर फिसलने से चनक्या देह में डूबे व्यक्ति को तलाशने हेतु रेस्क्यू टीम के जवानों हरवीर सिंह, नवल सिंह, हरिओम, मनीश, गोविन्द, मुकेश कुमार, सुमेर सिंह, विनोद, धर्मवीर तथा धर्मवीर सिंह ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

इस दौरान बी कम्पनी कोटा एवं सी कम्पनी भरतपुर की रेस्क्यू टीमों ने मोटर बोट को तेज गति से चलाकर बनास नदी के पानी



को हिलाया। उसके बाद बांस, बिलाई तथा रेस्क्यू रोप की सहायता से गहन सर्च किया। परन्तु कोई सफलता नहीं मिली। इसके उपरांत कोटा से एनडीआरएफ की 21 सदस्यीय रेस्क्यू टीम इंस्पेक्टर बाबूलाल यादव के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंचकर डीप डाइवर विनोद कानि0, धर्मवीर कानि0 एवं विनोद कानि0 ने स्कूबा सेट की सहायता से नदी की गहराई में जाकर गहन सर्च किया। एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीमों के द्वारा दिनभर गहन सर्च ऑपरेशन चलाकर मोटर बोट, बांस, बिलाई एवं रेस्क्यू रोप की सहायता से गहन सर्च किया। अथक परिश्रम तथा कडी मेहनत से प्रात: 11:45 बजे रेस्क्यू टीमों को सफलता मिली। टीम ने बनास नदी में डूबे व्यक्ति ठण्डीराम पुत्र रामफूल मीणा उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम दोबडा खुर्द पुलिस थाना सूरवाल जिला सवाई माधोपुर के शव को बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द किया। इस दौरान आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने प्रतिदिन मौके पर पहुंच कर एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ को निर्देशित किया।

मौके पर उपस्थित जिला कलक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता एवं उपखण्ड अधिकारी अनुप सिंह, तहसीलदार विनोद शर्मा बचाव एवं राहत दल को निरंतर निर्देश प्रदान किए। साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता तैनात किया गया।

## संगठन के प्रति समर्पित भाव व ईमानदारी से कार्य करने वाले ही सच्चे कार्यकर्ता : बाबूलाल खराड़ी

### नए अध्यक्ष की प्रथम परिचयात्मक बैठक में उमड़े कार्यकर्ता

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** प्रदेश के जन जाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा है कि संगठन के प्रति समर्पित भाव व ईमानदारी से ार्य करने वाले ही सच्चे कार्यकर्ता होते हैं।

खराड़ी मंगलवार को अपने मालपुरा में अल्प प्रवास के दौरान दूदू रोड स्थित होटल लखदातार में भाजपा शहर मंडल के कार्यकर्ताओं की शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या की अध्यक्षता में उमड़े कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर खराड़ी ने कहा कि भाजपा संगठन विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। इस संगठन में असंख्य कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता कई प्रकार के होते हैं। जिनमें मुख्य रूप से कुछ कार्यकर्ता ऐसे होते हैं जो अपने नीजि स्वार्थो की पूर्ति के लिए कार्यकर्ता बनते हैं। अपना काम निकलते ही संगठन से किनारा कर लेते हैं। कुछ कार्यकर्ता ऐसे होते हैं जो केवल समय समय पर ही दिखाई देते हैं। लेकिन असली एवं समर्पित कायकर्ता वो होते हैं जो संगठन के लिए हर समय तैयार रहते हैं। साथ ही संगठन जैसा आदेश दे या कार्य बताए उसी को पूरी ईमानदारी निष्ठा एवं समर्पित भाव से पूरा करता है। भाजपा शहर मंडल की कमान संभाले शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या ने कार्यकर्ताओं से आव्हान करते हुए कहा कि संगठन के प्रति पूरी निष्ठाभाव व ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लेकर ही वे आगे बढ़े हैं। मेन्दवास्या ने विश्वास दिलाया कि वे सभी को साथ लेकर व सभी के सहयोग से संगठन का कार्य करेगें। इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। होटल लखदातार के हॉल में खचाखच भरे भाजपा के कार्यकर्ताओं को नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता एडवोकेट राजकुमार जैन, भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन नीटू, रमाकान्त पटेल, नन्दलाल डोई , ओमप्रकाश सोनी, शशि जैन, सुमन आगीवाल, सहित अन्य कई कार्यकर्ताओं ने सम्बोधित किया। बैठक में मोजुद कार्यकर्ताओं ने अपना परिचय भी दिया। इससे पहले जन जाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी के बैठक स्थल पहुंचने पर शहर मंडल अध्यक्ष की अगुवाई में अगवानी की गई।

## पालिकध्यक्ष के एकल हस्ताक्षरो से जारी पट्‌टो को निरस्त करने के प्रस्ताव से मचा हड़कम्प

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा की साधारण सभा में नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी के एकल हस्ताक्षरो से जारी सभी पट्‌टो को निरस्त करने के प्रस्ताव से पट्‌टाधारियो में हड़कम्प मचा हुआ है। बीति देर शाम को पालिका सभा में पालिका बोर्ड की साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई थी। इस सभा में नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने अपनी ओर से प्रस्ताव रखा कि नगरपालिका मालपुरा में कई ऐसे पट्‌टे हैं जिनको केवल एकल हस्ताक्षरो से जारी कर दिया गया। प्रभावशाली लोगो ने अपने प्रभाव का गलत उपयोग कर व तत्कालीन पालिका के अधिकारियो के सामने अपने प्रभाव को काम में लेकर एकल पट्‌टे जारी करवा लिए। सोनी ने प्रस्ताव रखते हुए कहा कि पालिका की ओर से जारी एकल हस्ताक्षरो के सभी पट्‌टो को निरस्त किया जाए। गौरतलब है कि पालिका में कुछ प्रभावशाली लोगो ने अपने प्रभाव का गलत उपयोग कर अपने रिश्तेदारो के नाम से एकल हस्ताक्षरो से पट्‌टे जारी करवा लिए। इन प्रभावशाली लोगो में कुछ ऐसे भी लोग शामिल है जो एकल हस्ताक्षरो से जारी पट्‌टो के आधार पर ही भूखण्डो का बेचान कर लाखो करोड़ो का लाभ उठा लिया। अब पालिकाध्यक्ष सोनी द्वारा एकल हस्ताक्षरो से जारी पट्‌टो को निरस्त करने के प्रस्ताव से इन लोगो में हड़कम्प मचा हुआ है। हड़कम्प केवल पट्‌टाधारियो में नहीं हैं बल्कि हड़कम्प उनमें भी है जिन्होंने एकल हस्ताक्षरो से जारी पट्‌टो से लाखा करोड़ो के भूखण्ड खरीद लिए। अब यदि एकल हस्ताक्षरो से जारी पट्‌टो की जांच के बाद भी निरस्त किया जाता है इससे कई प्रभावशाली लोग प्रभावित होने की संभावना है।

## पैदल चालां र खाटू मेला में पर झूमे श्रद्धालु नाचते गाते श्याम भक्त पदयात्रा के लिए हुए रवाना

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा शहर के आदर्श नगर स्थित शिवालय से श्री श्याम परिवार मण्डल मालपुरा के तत्वावधान में बाबा खाटू श्याम के दर्शनो के लिए रवाना हुई 26वीं पदयात्रा को नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या, युवा नेता और पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष सोनी, जिला आयोजना समिति सदस्य एवं पार्षद डॉ. अकिंत जैन, नेहा विजय व पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश विजय ने पदयात्रा के पवित्र ध्वज को प्रदान कर पदयात्रियो को रवाना किया। मंगलवार को आदर्श नगर स्थित शिवालय में पदयात्रा के शाही निशान की पूर्ण विघि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना हुई। ध्वज पूजा में अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी,, भाजपा मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या, जिला आयोजना समिति सदस्य एवं पार्षद डॉ. अकिंत जैन, नेहा विजय व पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश विजय ने सामूहिक रूप से भाग लिया। इस दौरान



संयोजक गिरिराज सोनी सहित अन्य ने सभी सम्मानीय अतिथियो का सम्मान व अभिनन्दन किया। अंत में सभी अतिथियो ने पदयात्रा के शाही निशान के साथ पैदल रवाना होकर व शाही निशान को पदयात्रा संघ को सौंप कर खाटू श्याम बाबा के दर्शनो के लिए रवाना हुए। पदयात्री पैदल चाला रं खाटू का मेला में सहित अन्य बाबा श्याम के भजनो पर नाचते गाते रवाना हूए।

संयोजक सोनी ने बताया कि पदयात्रा कुड़ली, बंधे के बालाजी, भोजपुरा , पचारा होते हुए 9 मार्च को खाटू धाम पहुंच कर बाबा श्याम के दरबार में पदयात्रा का ध्वज अर्पण किया जाएगा।

## 150 रोगियौ की हुई जांच, 60 का होगा आपरेशन, 100 को नि:शुल्क चश्मे वितरित



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** रोटरी क्लब मालपुरा सिटी एवं जिला अंधता निवारण समिति के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को आदिनाथ धर्मशाला में आयोजित नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 150 मरीजो की जांच के बाद 60 मरीजो को आपरेशन के लिए चयन किया गया।. शिविर का शिविर संयोजक एडवोकेट रविकुमार जैन, सहायक प्रान्तपाल डॉ. अकिंत जैन, शेरसिंह राजावत व अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन ने दीप प्रज्जलवित कर शुभारम्भ किया। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए सचिव सुनील कुमार जैन ने नैत्र विशेषज्ञ टीक के चिकित्सको व अन्य चिकित्सा कर्मियों ने 150 मरीजो की जांच के बाद 60 मरीजो को आपरेशन के लिए चयन किया। जिनका क्लब की ओर से नैत्र अस्पताल में नि:शुल्क आपरेशन करवाया जाएगा। वहीं शिविर में 100 रोगियो को नि:शुल्क चश्मे वितरित किए गए।

## कांग्रेस के प्रदेश सचिव श्याम सुन्दर शर्मा को बनाया नाथद्वारा विधानसभा क्षैत्र का प्रभारी

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा निवासी एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव शिक्षाविद्‌ श्याम सुन्दर शर्मा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रदेश की नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी मनोनीत किया गया है। पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय युवा नेता राहुल गांधी के निर्देशानुसार संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं युवाओं को आगे लाने पर विचार विमर्श किया गया। कमेटी की इसी बैठक में मालपुरा मालपुरा निवासी एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव शिक्षाविद्‌ श्याम सुन्दर शर्मा को प्रदेश की नाथद्वारा विधानसभा क्षैत्र का प्रभारी मनोनीत कर संगठन को मजबूती करने का दायित्व सौंपा गया। इधर नाथद्वारा विधानासभा क्षैत्र के प्रभारी नियुक्त होने के बाद शर्मा ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उनको सौंपी है उसे वे समर्पित भाव और ईमानदारी से पूरा करेगें। शर्मा ने यह भी बताया कि वे शीध्र नाथद्वारा का दौरा कर संगठन के वर्तमान हालात की जानकारी लेकर क्षैत्रीय कांग्रेसजनो से संगठन की मजबूती के लिए सुझाव लेगें।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिए चार दुकानो से सेम्पल, टीम के आने से मचा हड़कम्प

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा के बाजारो में मंगलवार को उस समय हड़कम्प मच गया जब खाद्य सुरक्षा विभाग के निरीक्षक मदनलाल गुर्जर के टीम आने की जानकारी दुकानदारो को लगी। गुर्जर के नेतृत्व में आई टीम ने चार दुकानो से खाद्य पदार्थो के सेम्पल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। खाद्य निरीक्षक मदनलाल गुर्जर ने दुकानदारो एवं व्यापारियो से गुणवत्ता पूर्ण एवं स्वास्थ्य वर्धक खाद्य सामग्री आम जन को उपलब्ध करवाने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही दुकानदारो को नकली व स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालने वाले खाद्य पदार्थो की बिक्री से हर हाल में दूर रहे।

## दो वाछिंत स्थाई वारन्टीयो को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा क्षैत्र की डिग्गी पुलिस ने लूट प्रकरण के 10 साल से फरार एक स्थाई वारन्टी तथा बजरी प्रकरण में 5 वर्षो से फरार एक स्थाई वारन्टी को गिरफ्तार किया गया है। डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के आदेशानुसार व अरिक्ति पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल तथा वृताधिकारी आशिष प्रजापत के निर्देशानुसार स्थायी वारन्टीयो की गिरफ्तारी में तेजी लाने के निर्देश प्रदान किए गए। एसएचओ चौधरी ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट मालपुरा से जारीशुदा स्थाई गिरफ्तारी वारन्टी में एक लूट प्रकरण में 10 वर्षो से फरार स्थाई वारन्टी नारायण पुत्र श्योकरण निवासी गोलेड़ा थाना टोडारायसिंह व बजरी के दर्ज मामूले मूं पांच वर्षो से फरार स्थायी वारन्टी बाबूलाल पुत्र नारायण केवट निवासी कीरो की झोपड़ी खानपुर थाना नैनवां को गिरफ्तार किया गया है।

## अन्तर-राज्यीय कृषक भ्रमण दल को दिखाई हरी झण्डी




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** कृषि विभाग सवाई माधोपुर की आत्मा योजनान्तर्गत सात दिवसीय अन्तर-राज्यीय कृषक भ्रमण दल को कृषि उद्यानिकी एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। अमर सिंह उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा ने बताया कि यह कृषक भ्रमण 04 मार्च से 10 मार्च तक चलेगा जिसमें 50 किसानों को मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं गुजरात के विभिन्न अनुसंधान संस्थान एवं कृषि विश्वविद्यालयों का भ्रमण कराया जावेगा। डॉ. अनुपम गोयल उप परियोजना निदेशक आत्मा ने जानकारी दी कि सवाईमाधोपुर के किसान राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान खण्डवा रोड इन्दौर, जैन इरिगेशन सिस्टम व प्लास्टिक पार्क जलगाँव (महाराष्ट्र), महात्मा फूले कृषि विश्वविद्यालय, राहुरी, पुणे, राष्ट्रीय अंगुर अनुसंधान केन्द्र, पुणे, कृषि विश्वविद्यालय आनन्द, डेयरी अनुसंधान संस्थान, आनन्द आदि संस्थानों पर भ्रमण से नवाचार व उन्नत कृषि तकनीक के गुर सीखेंगे। इस भ्रमण के प्रभारी पिन्टू मीना पहाडी व सहप्रभारी लोकेश मीना रहेंगे। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति मेघा वर्मा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक मीना, राजेश अग्रवाल, विनोद चौधरी, रामहरि चौधरी, पूर्व सभापति सुनिल तिलकर, संयुक्त निदेशक कृषि राकेश कुमार अटल, सहायक निदेशक कृषि खेमराज मीणा, उपनिदेशक उद्यान सीओई लखपतलाल मीना, उपनिदेशक उद्यान हेमराज मीना आदि उपस्थित रहे।

## टाइगर के मूवमेंट ने एक घंटे रोकी चतुर्थी परिक्रमा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** रणथम्भौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर पर गत दिवस चतुर्थी के अवसर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। लोग सुबह से ही त्रिनेत्र गणेश की परिक्रमा लगाने के लिए दुर्ग तक पहुंचने लगे। इस दौरान अचानक रणथम्भौर दुर्ग के नीचे स्थित जोगी महल गेट के भीतर एक बाघ का मूवमेंट हो गया। बाघ जंगल में जोगी महल के काफी नजदीक आ गया। सूचना पर वन विभाग की उड़नदस्ता और अन्य टीम मौके पर पहुंची। वनविभाग की टीम की ओर से बाघ की मॉनिटरिंग शुरू की गई। इस दौरान एहतियात के तौर पर वन विभाग की ओर से परिक्रमा मार्ग को बंद कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सुबह करीब सात बजे अचानक जोगी महल गेट के पास में वन क्षेत्र में एक बाघ का मूवमेंट हो गया। करीब एक घंटे तक परिक्रमा मार्ग को बंद रखा गया और किसी भी श्रद्धालु को वन विभाग की ओर से परिक्रमा मार्ग में प्रवेश नहीं दिया गया। जब बाघ का मूवमेंट एक बार फिर से जंगल में अंदर की ओर हो गया तो वन विभाग की टीम ने राहत की सांस ली और परिक्रमा मार्ग को एक बार फिर से श्रद्धालुओं के लिए खोला गया।

## पंचायतों को बनाये स्वच्छ : सीईओ बुड़ानिया

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आईएएस गौरव बुड़ानिया ने मंगलवार ऊपंचायत समिति सवाई माधोपुर एवं मलारना डूँगर के विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारियों सहित स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के ब्लॉक समन्वयक तथा कनिष्ठ तकनीकी सहायकों एवं स्वच्छता प्रभारियों से विकास कार्यों की समीक्षा की! सीईओ बुड़ानिया ने ग्राम पंचायतों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए अधिकारी कार्मिकों को निर्देश दिए ग्राम पंचायतो में चल रहे विकास कार्यों की समय समय पर मॉनिटरिंग कर कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए! खटुपुरा, दोनायचा ,एंडआ ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारियों को आवास योजना में प्रगति लाने सहित स्वामित्व योजना, के मैप समय पर भेजने ग्राम विकास अधिकारियों के कार्यों की विकास अधिकारियों को समीक्षा एवं निरीक्षण कर जिला स्तर पर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए! बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने सीईओ को विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया! बैठक में सवाई माधोपुर विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीना मलारना डूँगर विकास अधिकारी नरेन्द्र कुमार मीना जिला समन्वयक स्वच्छता बलवंत सिंह सहित अधिकारी कार्मिक उपस्थित थे।

## त्रिनेत्र बालगृह में बालकों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा त्रिनेत्र बालगृह सवाई माधोपुर का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव समीक्षा गौतम द्वारा त्रिनेत्र बालगृह में शौचालयों एवं स्नानघर की साफ-सफाई, बालगृह परिसर एवं कमरों की साफ-सफाई आदि के संबंध में जांच की गई। बालगृह के शौचालय एवं स्नानघर अत्यधिक गन्दे पाये गये एवं एक टॉयलेट जाम पाया गया। इस संबंध में सचिव समीक्षा गौतम द्वारा त्रिनेत्र बालगृह के संचालक हरीश उपाध्याय को शौचालयों एवं स्नानघर की नियमित रूप से साफ-सफाई करवाने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही रसोईघर का निरीक्षण कर रसोईघर की साफ-सफाई, बर्तनों की साफ-सफाई, बालकों को प्रदान भोजन,



पेयजल की व्यवस्था तथा भण्डार गृह में खाद्य-सामग्रियों की गुणवत्ता के संबंध में जांच की गई। जांच के दौरान बालगृह के रसोईघर में रखे कैसरोल में फफूंदी लगी पाई गई, जिसमें चपातियां रखी पाई गई। साथ ही भण्डार गृह में गन्दगी के कारण बदबू आ रही थी एवं एक्सपायरी दिनांक निकलने के बाद भी भण्डार गृह में रखे पोहों को उपयोग में लिया जा रहा था। साथ ही रसोईघर में रखी दालें भी खराब पाई गई, दालों में कीड़े पाये गये एवं लाल मिर्च के पैकेटों पर पैकेजिंग दिनांक व अंतिम उपयोग की दिनांक भी अंकित नहीं पाई गई।

इस संबंध में सचिव समीक्षा गौतम द्वारा खाद्य सुरक्षा टीम को बुलाकर मौके पर ही रसोईघर एवं भण्डार गृह में रखे लगभग 85 किलो खराब पोहों एवं दालों को नष्ट करवाया गया। खाद्य सुरक्षा टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेदप्रकाश पूर्विया, नितेश गौतम एवं अन्य स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

## राजगढ़ कॉलेज में पार्किंग के नाम पर हो रही है अवैध वसूली, छात्रों ने दी प्रदर्शन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में कन्या महाविद्यालय, कृषि महाविद्यालय, रैणी महाविद्यालय, टहला महाविद्यालय सहित अन्य कॉलेजों के हजारों विद्यार्थी प्रतिदिन परीक्षा देने आते है। इनसे पार्किंग के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है।

पार्किंग वाले जबरदस्ती विद्यार्थी से 20 या 30 रुपये वसूल रहे है। विद्यार्थीयों का कहना है सभी विद्यार्थीयों ने 210 रुपये विकास शुल्क जमा करवाया है और पर्ची पर या महाविद्यालय में बोर्ड पर कोई पार्किंग शुल्क नही लिखा गया है ना ही कॉलेज प्रशासन के द्वारा पर्ची पर कोई पैसे लिखे गए है। पार्किंग में कुछ लोग अपनी मर्जी से 20-30 रुपये वसूल रहे है। छात्रों ने प्रशासन से बात कि तो बोले 10 रुपये स्वयंपाठी विद्यार्थियों को देने पड़ेगे। वहीं जब छात्रों ने कहा आप 10 रुपये बता रहे है वो 20 ले रहे है आप लोगो ने पर्ची पर पैसे नही लिखे।

इस मामले को लेकर छात्रों ने महाविद्यालय के महासचिव राहुल शर्मा को अवगत करवाया। उन्होंने प्राचार्य केएल मीना से बात कि तो बोले दस रुपये देने है और फोन काट दिया।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

# बजट घोषणाओं की क्रियान्विति समयबद्ध करते हुये आधारभूत आवश्यकताओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जिला कलक्टर ने विभागवार विभिन्न योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुये कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ बजट घोषणाओं सहित अन्य विकास कार्यों को तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट अपडेट करें।

उन्होंने बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं को समयबद्ध धरातल पर उतारने के लिये संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की विभागवार समीक्षा करते हुये आवश्यक भूमि चिन्हिकरण व नियमानुसार आवंटन प्रक्रिया हेतु शीघ्र आवेदन भिजवाने को कहा। उन्होंने घोषणाओं में जिले में बनाये जाने वाले जीएसएस, केवीएस, बस स्टैंड, सडक़ों का सुदृढ़ीकरण, सीवरेज व ड्रेनेज सिस्टम, स्वयं सिद्धा आश्रम, वर्किंग वुमन हॉस्टल, साईबर थाने सहित अन्य घोषणाओं की वस्तुस्थिति की समीक्षा कर समयबद्ध गुणवत्ता के साथ कार्य संपादित करने को कहा। उन्होंने गत बजट 2024-25 की घोषणाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाईम में सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े, यह सुनिश्चित करते हुए स्थानीय स्तर पर ही संवेदनशीलता के साथ नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही करते हुये परिवादों का गुणवत्तापूर्ण निपटारा करें व पोर्टल पर भी जानकारी अपडेट करें।

**आवश्यक सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें :** जिला कलक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुये मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिये उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। पर्याप्त दवा भंडार सुनिश्चित करते हुये अन्य तैयारियां पुख्ता रखें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुये अस्पतालों में सुविधायें बढ़ाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने एवं नियमित रूप से जनता क्लीनिकों एवं चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण के निर्देश दिये। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी रामनिवास यादव सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन साइबर शील्ड अभियान 35.70 लाख रुपए के 119 मोबाइल फोन रिकवर कर पहुंचाए मालिकों तक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की पश्चिम जिला पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत कई बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने अभियान के तहत जनवरी 2025 में 66 बदमाशों को गिरफ्तार किया। फरवरी महीने में 3 मुकदमे दर्ज कर 9 बदमाशों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा फरवरी महीने में पुलिस टीम ने 35 लाख 70 हजार रुपए के 119 मोबाइल फोन रिकवर कर उनके मालिकों तक पहुंचाए। एक महीने में साइबर फ्रॉड की शिकायतों में 49,20,501 रुपए रिकवर कर पीड़ितों के खातों में लौटाए। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वकी ओर से चलाए जा रहे साइबर शील्ड अभियान के दौरान फरवरी 2025 में सीर पोर्टल व अन्य विभिन्न तकनीकी सहायता से पश्चिम में गुम हुए मोबाइल फोन में से कुल 119 मोबाइल फोन (कुल कीमत 35 लाख 70 हजार रुपए) ट्रेस कर रिकवर करने असली मालिकों तक पहुंचाए। वहीं साइबर शील्ड के तहत पीड़ितों के खातों से निकले 49,20,501 रुपए बदमाशों के खातों में फ्रिज कराने के साथ-साथ इस पैसे को पीड़ितों के खातों में रिफंड कराया गया। अमित कुमार ने बताया कि साइबर ठगों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनकी धरपकड़ की जा रही है। वेस्ट जिले की साइबर टीम के बाद किसी भी प्रकार की साइबर फ्रॉड की सूचना आने पर हमारी साइबर सेल एक्टिव होकर उस पर काम करने लग जाती है।

# चार दिवसीय आरोग्य मेले में कपिंग थेरेपी रही आकर्षण का केंद्र



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** आयुष विभाग राजस्थान सरकार द्वारा जवाहर कला केंद्र में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय आयुष आरोग्य मेला संपन्न हुआ। मेले में आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, योग एवं अन्य हर्बल चिकित्सा पद्धतियों से रोगियों को निःशुल्क परामर्श और उपचार दिया गया।यूनानी कपिंग शिविर प्रभारी डॉ. मोहम्मद रोशन ने बताया कि कपिंग थेरेपी मांसपेशियों के दर्द, ब्लड सर्कुलेशन और डीप टिशु मसाज के लिए कारगर साबित हो रही है। यह तकनीक विशेष रूप से पीठ, कमर, कंधे और घुटनों के दर्द में राहत देती है।मेले में यूनानी चिकित्सा ओपीडी और कपिंग थेरेपी शिविर के तहत डॉ. निसार अहमद, डॉ. लियाकत अली मंसूरी, डॉ. मोहम्मद आदिल सहित कई विशेषज्ञों और नर्सिंग स्टाफ ने अपनी सेवाएं दीं। डॉ. सरफराज अहमद ने यूनानी चिकित्सा द्वारा स्किन डिजीज के उपचार पर व्याख्यान दिया। आरोग्य मेला सफलतापूर्वक संपन्न होने पर निदेशक डॉ. मनमोहन खींची और अतिरिक्त निदेशक डॉ. शौकत अली अंसारी को सम्मानित किया गया।

# गर्भधारण करने एवं गर्भ में शिशु के स्वस्थ एवं सम्पूर्ण विकास के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा श्रेयसी प्रजा इकाई का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( का.स. )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा गर्भधारण करने और गर्भ में पल रहे शिशु के स्वस्थ मानसिक एवं शारीरिक विकास के साथ अच्छे गुणों के साथ संपूर्ण विकास के लिये श्रेयसी प्रजा इकाई का शुभारंभ किया गया। इकाई का शुभारंभ राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा आज हर व्यक्ति मानसिक एवं शारीरिक रूप से एक स्वस्थ संतान चाहता है। भाग दौड़ भरी जिंदगी और बदलती जीवन शैली और अन्य स्वास्थ्य संबंधी कारणों से कई महिलाएं गर्भधारण नहीं कर पाती है या गर्भधारण के समय गर्भस्थ शिशु का मानसिक एवं शारीरिक विकास पूर्ण नहीं होता है, जिसके कारण उस बच्चे के लिए पूरा जीवन कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से निकलता है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा जो महिलाएं स्वास्थ्य संबंधी कारणों से गर्भधारण नहीं कर पा रही है या गर्भिणी महिलाओं के गर्भस्थ शिशु के मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ जन्म लेने एवं उनके माता-पिता के अनुसार गुण विकसित करने के लिये गर्भ संस्कार करने के लिये श्रेयसी प्रजा इकाई का शुभारंभ किया गया है। प्रोफेसर भारती कुमार मंगलम विभागाध्यक्ष प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग ने बताया श्रेयसी प्रजा इकाई का शुभारंभ किया गया है इस इकाई में गर्भधारण करने वाली और गर्भवती महिलाओं का आयुर्वेद, योग, मेडिटेशन के माध्यम से आयुर्वेद चिकित्सा की जाएगी। इस इकाई के अंतर्गत बीज संस्कार और गर्भ संस्कार को किया जाएगा। बीज संस्कार उन महिलाओं के लिए किया जाता है, जिन्होंने किसी कारण से गर्भधारण अभी तक नहीं किया है या किसी भी शारीरिक स्वास्थ्य कारणों से गर्भधारण नहीं कर पाई है उनके लिए आयुर्वेद चिकित्सा के अंतर्गत पंचकर्म चिकित्सा पद्धति को करने के साथ आहार-विहार, आयुर्वेदिक औषधि, योग, मेडिटेशन के माध्यम से चिकित्सा की जाती है। कार्यक्रम में प्रोफेसर सुशीला शर्मा, प्रोफेसर सुनीता सुमन, प्रोफेसर अनुपम श्रीवास्तव, डॉ सुमन शर्मा, प्रोफेसर दुर्गावती, प्रोफेसर बी. पुष्पलता, प्रोफेसर निशा ओझा,डॉ हेतल दवे, डॉ सोनू, डॉ पूनम चौधरी, डॉ विशाल एवं प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान

## खाद्य सुरक्षा की टीम ने अनेक स्थानों पर कार्रवाई करते हुए सैंपल लिए 50 किलो मिलावटी कलाकंद को मौके पर ही नष्ट कराया

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा की टीम ने जिले में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए सैंपल लिए।आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक, खाद्य सुरक्षा अतिरिक्त आयुक्त एवं सीएमएचओ के निर्देशानुसार मिष्ठान भंडारों का निरीक्षण और सेंपल कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि नीमराना में मेसर्स श्री जोधपुर स्वीट्स होम से कलाकंद एवं गाजर पाक एवं मेसर्स कांता स्वीट्स से मावा एवं रसगुल्ले का एनफोर्समेंट सैंपल लिया गया। साथ ही दोनों प्रतिष्ठानों से बूंदी, मावा, गुलाब जामुन एवं कलाकंद के सर्विलेंस सैंपल भी लिए गए जिन्हें खाद्य प्रयोगशाला जयपुर में भिजवाया जाएगा एवं जांच रिपोर्ट आने पर एफएसएसए एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने बताया कि निरीक्षण करने के दौरान मेसर्स श्री जोधपुर स्वीट्स होम के गोदाम में 50 किलो मिलावटी कलाकंद जो कि सूजी, रिफाइंड तेल और मिल्क पाउडर से बना हुआ था, उसे मौके पर नष्ट कराया गया।

## अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले चार महिला तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले चार महिला तस्करों को पकडा है और उनके पास से भारी मात्रा में अवैध देशी शराब जब्त की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब की तस्करी करने के मामले में रोशनी सांसी,रेखा सांसी,सुशील सांसी और सुमन देवी को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार सभी महिलाएं मुरलीपुरा इलाके की रहने वाली है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान इनके पास से पांच बेटियों से अधिक अवैध देशी शराब बरामद की है।

# स्व. विश्वास कुमार की स्मृति में पत्रकारिता में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर परिचर्चा आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** पिंकसिटी प्रेस क्लब में मंगलवार को वरिष्ठ पत्रकार स्व. विश्वास कुमार की स्मृति में पत्रकारिता में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेन्द्र बोड़ा ने की। परिचर्चा में वरिष्ठ पत्रकार नारायण बारेठ ने कहा कि एआई एक विनाशक तकनीक है, जो मानव के लिए खतरा बन सकती है। उन्होंने कहा कि एआई पत्रकारों से बेहतर काम कर रही है, जिससे अखबारों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने एआई के कारण गलत सूचनाओं के प्रसार और निजता के खतरे पर भी चिंता व्यक्त की। डीआईपीआर के उप निदेशक आशीष खंडेलवाल ने कहा कि एआई नौकरियां पैदा कर सकती है और मानव की तुलना में कई गुना तेजी से काम कर सकती है। उन्होंने एआई को क्रांति बताते हुए कहा कि यह डेटा माइनिंग को आसान बना रही है और सोशल मीडिया को भी प्रभावित कर रही है। उन्होंने एआई के लाभों के बारे में बताते हुए कहा की इससे कार्य क्षमता में वृद्धि हो रही है। वरिष्ठ पत्रकार सनी सेबेस्टियन ने कहा कि एआई से नौकरियों को खतरा है और यह वैश्विक परिदृश्य में परिवर्तन ला रही है। उन्होंने कहा कि एआई फेक न्यूज और डीप फेक जैसी समस्याओं का कारण बन रही है। कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेन्द्र बोड़ा ने एआई से कॉपीराइट के खतरे और पत्रकारिता की स्वतंत्रता के खत्म होने की बात कही। जयपुर डिस्कॉम के पूर्व सीएमडी श्री आर.जी. गुप्ता ने स्व. श्री विश्वास कुमार को एक सादा व्यक्तित्व और अच्छे इंसान के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि एआई कहां तक जाएगी, यह कहना मुश्किल है, लेकिन दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ संतुलन भी जरूरी है। परिचर्चा में भाग लेने वाले सभी वक्ताओं ने एआई के लाभों और खतरों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने एआई के उपयोग में सावधानी बरतने और इसके दुरुपयोग को रोकने की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार जगदीश शर्मा ने किया, सुनीता चतुर्वेदी और दीपशिखा शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़, प्रबन्ध कार्यकारिणी सहित अनेक वरिष्ठ एवं युवा पत्रकार उपस्थित थे।

## युवक से मारपीट कर दुपहिया वाहन लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** विद्याधर नगर थाना पुलिस ने युवक से मारपीट कर दुपहिया वाहन (एक्टिवा ) लूटने के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपितो से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि विद्याधर नगर थाना पुलिस ने युवक से मारपीट कर दुपहिया वाहन (एक्टिवा ) लूटने के मामले में अरुण निवासी विद्याधर नगर और शैलेष निवासी झोटवाड़ा को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटी गई स्कूटी बरामद की है। गौरतलब है कि विद्याधर नगर निवासी रामवतार ने मामला दर्ज करवाया कि उसका नौकर मेवाराम सामान लेने बाजार गया था घर से कुछ दूरी पर वह टायलेट करने रुका था। इसी दौरान दो बदमाश आए और उससे मारपीट कर स्कूटी छीनकर ले गए थे। पीड़ित ने घर पहुंचकर आपबीती मालिक को बताई।

## जिले के नगरीय क्षेत्र के सरकारी कार्यालयों में नए आधार नामांकन केंद्र खोले जाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** उप निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग सुनील मीणा ने बताया कि जिला कोटपूतली-बहरोड़ के नगरीय क्षेत्र के चयनित 27 सरकारी कार्यालयों में आधार नामांकन / अद्यतन केन्द्र स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। चयनित केन्द्रों पर आधार नामांकन एवं अद्यतन का कार्य करने हेतु रजिस्ट्रार (सूचना प्रौद्योगिकी एव संचार विभाग) के अधीन नामांकन एजेंसी (राजकॉम्प इन्फोसर्विसेस लिमिटेड़) द्वारा एक ऑपरेटर को यूआईडीएआई नई दिल्ली से आधार (पंजीकरण एवं अपडेट) विनियम 2016 अनुसार कार्य हेतु आईडी / क्रिडेंशियल जारी कराया जाना भी प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि जो भी पात्र व्यक्ति नामांकन ऑपरेटर के रूप में यूआईडीएआई नई दिल्ली एवं सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान द्वारा निर्धारित निर्बन्धनों एवं शर्तों अनुसार कार्य करने का इच्छुक है वह अपनी एसएसओ आईडी से राज आधार पोर्टल के माध्यम से आनलाईन आवेदन निर्धारित प्रपत्र में 15 मार्च 2025 तक आवेदन कर सकता है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड और जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने किया पोस्टर विमोचन

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** राजस्थान प्रदेश माली-सैनी महासभा (रजि.) और नृत्यम सोशल व कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान समारोह किया जा रहा है। इसके चलते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने पोस्टर का विमोचन किया। कार्यक्रम आयोजक काजल सैनी ने बताया कि पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राजस्थान प्रदेश माली-सैनी महासभा (रजि.) और नृत्यम सोशल व कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान समारोह पिंकसिटी प्रेस क्लब नारायण सर्किल जयपुर में एक बजे से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की थीम पिक रखी गई है। जिसमे सभी महिलाएं पिक परिधान में नजर आएगी। इसके अलावा कार्यक्रम का आगाज गणेश वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रम से होगा। जिसके चलते पोस्टर विमोचन किया गया है। इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) जयपुर प्रांत के प्रांत प्रसारक बाबूलाल,फैशन डिजाइनर कीर्ति राठौड़ सहित अन्य संगठनों की ओर से पोस्टर का विमोचन किया जा चुका है।



# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थापित करवाने की मांग

### विधायक हंसराज पटेल के नेतृत्व में यूडीएच मंत्री से मिला चतुर्भुज बचाओ आंदोलन का प्रतिनिधि मण्डल

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थापित करवाने की मांग को लेकर मंगलवार को चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के एक प्रतिनिधि मंडल ने श्री ध्यानजी मंदिर महंत रामरतनदास महाराज की अगुवाई में विधायक हंसराज पटेल के राजधानी जयपुर स्थित कार्यालय पर शिष्टाचार भेंट की। जिसके बाद विधायक पटेल ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र स्थापित करवाने के लिये प्रतिनिधि मण्डल के साथ यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के कार्यालय पर पहुँचकर उनसे एस.टी.पी. प्लांट को अन्यत्र स्थानांतरित करवाने का अनुरोध किया। जिस पर मंत्री खर्रा ने इसी बजट सत्र में बजट आवंटन कर एस.टी.पी. प्लांट को स्थानांतरित करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला पार्षद प्रतिनिधि अमीचंद धानका, पंसस प्रतिनिधि बसंत भरगड़, सरपंच प्रतिनिधि प्रताप सिंह यादव, भाजपा नेता दिलीप यादव, चंद्रशेखर शर्मा, हेमराज भरगड़, किशनलाल स्वामी समेत अन्य मौजूद रहे।

# शॉर्ट सर्किट से लाखो रूपये की सामग्री हुई स्वाह

## दमकल पहुँची लेकिन टेंक में नहीं था पानी, लोगो ने दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर सैनी )।** शहर के देईपोल चूंगी नाके पर सोमवार रात्रि को करीब 9 बजे जनरल स्टोर की दूकान पर लगी आग से लाखो रूपये के सामान जल कर स्वाह हो गये। दूकानदार रामेश्वर सैनी जनरल स्टोर पर जुते,चप्पल,कपड़े सहित अन्य सजावटी सामग्री को बेचने का कार्य करता है। रामेश्वर सैनी द्वारा पुलिस को दी गई रिर्पोट में बताया कि वह जनरल स्टोर को 8.30 बजे बंद करके शादी समारोह में भोजन करने पोद्दार गार्डन में गया हुआ था। खाना खाते समय उसके पास फोन आया कि देईपोल चूंगी नाके पर एक दूकान पर आग लग गई है। सुचना पर वह मौके पर पहुॅचा तो पाया कि उसकी दूकान में से धुआ निकल रहा था। उन्होने शटर खोल कर देखा तो पाया कि दूकान में भयंकर आग लगी हुई है। दूकान में रखे हुए जुत्ते,चप्पल,गारमेंट सहित अन्य सामग्री स्वाह हो गये थे। मौके पर उन्होंने पालिका में दमकल के सुचना दी गई। मौके पर दमकल भी पहुॅची लेकिन दमकल के टैंकर में पानी नहीं होने से आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग की लपटे इतनी भयंकर थी आस पास की दूकानो को भी खतरा मंडराने लग गया। मौके पर लोगो मौजूद लोगो एंव पुलिस ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। उनकी दूकान में रखे करीब 20-21 लाख के सामान सहित काउंटर भी जल गया। मौके पर मौजूद लोगो ने पालिका की कार्य शैली पर सवाल उठाये।

**ज्ञापन दिया** - मंगलवार को संयुक्त व्यापार विकास समिति के पदाधिकारियो में अध्यक्ष अनिल मितल,उपाध्यक्ष मुकेश नागर, सचिव रोहित बंसल,पूर्व अध्यक्ष विनोद मारवाड़ा, पूर्व चैयरमैन पुखराज ओसवाल,रामेश्वर सैनी, हेमराज सैनी, प्रकाश सैनी,सीताराम सैनी सहित तीन दर्जन से अधिक लोगो ने आगजनी से हुआ नुकशान को लेकर उपखण्ड अधिकारी को सीएम के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि जनरल स्टोर का कार्य करने वाले रामेश्वर सैनी को लाखो रूपये का नुकशान हो गया है। गरीब व्यक्ति वापिस अपनी दूकान को चालू कर सके इसके लिए आर्थिक मदद किया जाना चाहिए। एसडीएम ने सभी लोगो से वार्ता करके आर्थिक सहयोग दिलवाने का आश्वासन दिया गया। दूसरी ओर संयुक्त व्यापार विकास समिति के पदाधिकारियो ने दूसरा एक ओर ज्ञापन दिया गया जिसमें बताया कि पालिका दमकल के लिए सुचना दी गई जिसके एक घंटे बाद दमकल लेकर एक कर्मचारी मौके पर पहुॅचा। मौके पर मौजूद लोगो ने आग बूझाने के लिए कहा तो उन्होने बताया कि दमकल में पानी नहीं है। पानी भरकर लाने के बाद ही आग पर काबू पाया जा सकता है। कार्मिको की लापरवाही के कारण पूरी दुकान का माल जलकर राख हो गया। समय पर दमकल आ जाती या दमकल में पानी होता तो व्यापारी को इतना भारी नुकशान नहीं उठाना पड़ता। उन्होने दोषी कार्मिको को अविलम्ब बर्खास्त किया जाने की मांग की गई। इस दौरान एसडीएम ने बताया कि प्रकरण को लेकर जॉच कमेटी बनाई गई है। कमेटी की जॉच रिर्पोट के बाद कार्मिक दोषी पाये गये तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# धरना स्थल पर किया सद्बुद्वि यज्ञ



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** राजस्व ग्रांम खानपुरा एवं टोपा को नैनवा नगर पालिका में शामिल करने के विरोध में दोनों गांव के ग्रामीणों का धरना मंगलवार को लगातार 26 वे दिन भी जारी रहा। ग्रांम वासियों ने मंगलवार को धरना स्थल पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का फोटो लगाकर सद्बुद्धि यज्ञ में आहुतियां दी, तो दूसरी ओर खानपुरा गांव के पैदल यात्रियों के एक जत्थे ने मनोहरगढ़( भीलवाड़ा)पहुंच कर भगवान देवनारायण मंदिर के मुख्य पुजारी को अपना मांग पत्र दिया तथा खानपुरा एवं टोपा गांव को नैनवा नगर पालिका में शामिल करने का आदेश निरस्त करने की भगवान देवनारायण के मंदिर में अर्जी लगाई। दोपहर बाद मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को विरोध- प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सीताराम खानपुरा ,मुकेश सैनी, कालू लाल, किशोर माली, रामकरण गुर्जर, विमल कुमार सैनी, गणेश, भीमराज मीणा, कैलाश सैनी, उमेश नागर, प्रहलाद, जगदीश सैनी, छात्र संघ अध्यक्ष खुशीराम सैनी, रामफूल सहित ग्राम वासी धरने पर उपस्थित रहे।

# 6 मार्च से 12 मार्च तक लगेगा राजीविका का राजसखी मेला

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** महिला स्वयं सहायता समूह के उत्पादों के विपणन हेतु जिला प्रशासन व राजीविका की ओर से 6 मार्च से 12 मार्च तक ग्रामीण हाट में मेला आयोजित किया जा रहा है। जिला परियोजना प्रबंधक नगेन्द्र कुमार ने बताया कि इस मेले के दौरान पूरे प्रदेश से लगभग 100 स्वयं सहायता समूह अपने उत्पादों प्रदर्शन व विपणन करेंगे। मेले के दौरान प्रतिदिन महिलाओं से संबंधित मुद्यों पर कार्यशालाओं का आयोजन होगा। मेले में राजीविका कबड्डी लीग का आयोजन भी किया जायेगा जिसमें ब्लॉक वार टीमें भाग लेगी। प्रतिदिन सांयकालीन सत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। मेले में 1999/- रूपये से अधिक की खरीद पर लक्की ड्रा के माध्यम से आकर्षक पुरस्कार उपहार में दिये जायेंगे।

# उच्च शिक्षा विभाग की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित, प्रत्येक विद्यार्थी को सरकार सुनिश्चित कर रही रोजगारपरक एवं आधुनिक शिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति हो रही प्रभावी रूप से लागू - उप मुख्यमंत्री

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण, रोजगारपरक एवं आधुनिक शिक्षा प्राप्त हो। साथ ही, प्रदेश की परम्पराओं एवं संस्कृति का सम्मान करने वाली शिक्षा भी विद्यार्थी ग्रहण कर सकें। इसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रही हैं। डॉ. प्रेम चन्द बैरवा मंगलवार को विधान सभा में उच्च शिक्षा विभाग (मांग संख्या-22) की अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने उच्च शिक्षा विभाग की 25 अरब 85 करोड़ 55 लाख 45 हजार रूपये की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दीं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार विकसित राजस्थान की दिशा में कार्य कर रही है। इसमें उच्च शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू कर रही है, जिसके महत्वपूर्ण एवं दूरगामी परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि मानव संसाधन मंत्रालय के ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन की रिपोर्ट के अनुसार उच्च शिक्षा में देश के औसत सकल नामांकन अनुपात 28.4 से अधिक राजस्थान का सकल नामांकन अनुपात 28.6 है।

# केंद्र व राज्य बजट सभी वर्गो के लिए कल्याणकारी साबित होगा : शर्मा



## भाजपा की प्रबुद्ध नागरिक बैठक में हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़( सुरेश मोमिया )।** मंडल अध्यक्ष सीएम धाभाई ने बताया की जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि आरपीएससी पूर्व चेयरमैन व पूर्व जिला अध्यक्ष संजय जैन ताऊ रहे ।

बैठक को संबोधित करते हुए हैं नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा ने कहा की कार्यकर्ता आगामी आठ मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुन्धरा राजे का जन्मदिवस सेवा कार्यों के रूप में मनाए, इन सेवा कार्यों में आम जन मानस की अधिकाधिक सहभागिता रहे हैं ऐसी कार्यक्रम योजना सुनिश्चित करे ।

उन्होंन कहाँ की बजट गाँव गरीब किसान युवा एवं उद्योग को समर्पित है अत- इस पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए ।आरपीएससी पूर्व चेयरमैन ने कहा की आने वाला समय स्थानीय निकाय एवं जिला परिषद चुनाव का है अत- कार्यकर्ता इनके लिए कमर कस ले, तैयारियों में जुट जाएँ, भाजपा एक बार पुन: स्थानीय निकाय एवं जिला परिषद में अपना परचम लहराएगी ।

पूर्व जिला अध्यक्ष संजय जैन ताऊ ने कहा की कार्यकर्ता ही पार्टी का मुख्य आधार है, हम सब मिलकर नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष शर्मा के साथ पार्टी को ओर मजबूत करेगे । बैठक में केंद्रीय एवं राज्य बजट पर भी चर्चा हुई इसके अंतर्गत बजट परिचर्चा में राजस्थान सरकार के वर्ष 2025-26 के बजट पर सीए दिनेश बोहरा ने बताया कि राजस्थान बजट में युवा के लिए सवा लाख नए पदों की भर्ती होगी एवं निजी क्षेत्र में डेढ़ लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा । विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना में रोजगार मिलेगा एवं दो करोड रुपए तक के ऋण पर 8प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं 5 लाख युवाओं को मार्जिन मनी सहायता प्राप्त होगी ।अन्नदाता भाइयों के लिए पीएम किसान सम्मन निधि की सहायता राशी छ: हजार रुपए से बढ़कर नौ हजार एवं तारबन्दी , कृषि यंत्रों पर सब्सिडी योजना से अन्नदाता को फायदा होगा । पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एवं सांसद दुष्यंत सिंह के प्रयासों से बजट में जिले के लिए भी महत्वपूर्ण घोषणाएं हुई । ओसाव , धतुरिया , हेमड़ा में जीएसएस , रायपुर , झुमकी खानपुरिया , कलमंडी कला किशनपुरिया से झालावाड़ खण्डिया तक एमडीआर सड़क । झालावाड़ में रिंग रोड , सुनेल को सेटेलाइट हॉस्पिटल जैसी कई घोषणा से झालावाड़ जिला लाभान्वित होगा ।

बैठक का संचालन मंडल मंत्री एड दीपेश भार्गव व आभार महामंत्री सत्यप्रकाश सेन ने किया ।

बैठक में जिला महामंत्री जयदीप सिंह झाला, संजय वर्मा व दिलीप प्रजापति, नगर परिषद उपसभापति प्रदीप सिंह राजावत, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकीम अब्बासी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री आदित्य राज, शिक्षक प्रकोष्ठ जिला संयोजक अजय जैन, विधि प्रकोष्ठ संयोजक एड गिरिराज नागर सहित मोर्चा, मंडल पदाधिकारी एवं पार्षद गण मौजूद रहे ।

# सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के डग थाना परिसर में आगामी त्यौहार को लेकर थाना अधिकारी पवन कुमार मीणा ने देर शाम सीएलजी सदस्यों की बैठक ली। जिसमें आगामी त्यौहार होली,रमजान माह को देखते हुए शांति सद्भावना के साथ सभी को त्यौहार मनाने का जिक्र किया। इस बीच सीएलजी सदस्य से कस्बे में होली दहन स्थानों की जानकारी लेते हुए कस्बे की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। जिसमें सीएलजी सदस्यों ने नाबालिक युवक द्वारा कस्बे में गाड़ियां स्पीड में चलाई जाने की बात कही।जिस पर थानाधिकारी ने कहा कि नाबालिक को बाइक देना और नाबालिक द्वारा बाइक चलाना दोनों व्यक्तियों के ऊपर कारवाई होती है इस लिए कस्बे में एलाउंस के माध्यम से नाबालिक अभिभावकों को सूचित कर दिया जाएगा।उसके बाद भी अगर कोई अभिभावक अपने नाबालिक बालक बालिकाओं को बाइक देते हैं।उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। वहीं मुख्य बाजार के अतिक्रमण एवं जाम की समस्याओं को लेकर चर्चा हुई।जिस पर अधिकारी ने बताया कि यह ग्राम पंचायत का मामला हैं। अगर वह हमसे सहयोग लेंगे तो हम सहयोगात्मक कार्य कर अतिक्रमण खत्म करने के लिए तत्पर तैयार है।

# ताकला स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन



बढता राजस्थान

**जजावर( पदम शाह )** । करीबी गांव ताकला के सरकारी मिडिल स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। जजावर सीनियर सेकंडरी स्कूल के प्रिंसिपल एवं पीईओ सत्यनारायण सैनी के मुख्य आतिथ्य मे आयोजित इस समारोह में गांव के युवा समाज सेवी दुर्गासिंह हाडा ने अपने पिताजी स्व गोपालसिंह हाडा की स्मृति में बीते वर्ष कक्षा 8 मे स्कूल टॉपर रही छात्रा मंजु सैनी को एक हजार रुपये एवं कक्षा 5 में सर्वाधिक अंक अर्जित कर स्कूल मे टाप रही राधिका गुर्जर को पांच सौ रुपये का नकद पुरुस्कार दिया। समारोह कीअध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष कालूलाल गुर्जर ने की जबकि बतौर विशिष्ट अतिथि खोडी संस्था प्रधान खोढ़ी सोमेन्द्र बंसल, बंजारों की ढाणी प्रधानाध्यापक बनवारी सैनी , देवधुवा प्रधानाध्यापक लोकेश नागर , भामाशाह एवं समाजसेवी लालूराम गुर्जर एवं शिक्षक संघ राष्ट्रीय नैनवां शाखा के मंत्री देवराज गुर्जर मंचासीन रहे। समारोह में स्थानीय संस्था प्रधान नरेशकुमार मीणा ने वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा गत सत्र में कक्षा 1से 8 तक की कक्षाओं में विभिन्न क्षेत्रों मे अवल्ल रहे छात्र छात्राओं प्रमाण पत्र दिए गए जबकि

शैक्षणिक गतिविधियों के साथ गैर शैक्षणिक गतिविधियों सहित आत्मरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान एवं श्रेष्ट प्रदर्शन करने वाली स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा दिव्यांशी हाड़ा को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान स्थानीय विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक रोमांचक व आकर्षक प्रस्तुतियां भी दी गई जिसमें नशा मुक्त जीवन जीने एवं मोबाइल के दुष्प्रभावों से बचने पर आधारित नृत्य नाटिका ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों को काफी प्रभावित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम को सफल बनाने मे जी जान से जुटे स्कूल स्टाफ के शिक्षक रामकिशन नागर, विकासकुमार यादव, मनीषकुमार बैरवा, सुरेन्द्रकुमार जाट, शारीरिक शिक्षक जुगलकिशोर साहू, एवं शिक्षिका कोमल जाजोरिया ने आये हुए अतिथियों का हाड़ौति संस्कृति के अनुरुप स्वागत सत्कार कर अतिथियों का दिल जीतने मे कोई कसर नही छोडी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कवि किशनलाल कहार ने किया एवं समारोह के समापन की बेला में प्रधानाध्यापक नरेश मीणा ने सभी अतिथियों ग्रामीणो एवं अभिभावकों का आभार जताया।

# शनिमहाराज आली में आयोजित रेगर समाज की साधारण सभा में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया

## अध्यक्ष शांतिलाल बागोरिया एवं सचिव रोशनलाल तारुंगलिया तरनावों का खेड़ा

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( नि.स. )।** क्षैत्र के ग्राम शनिमहाराज आली में स्थित रेगर समाज के सामुदायिक भवन में समाजजनो की उपस्थिति में क्षेत्रीय रेगर समाज की साधारण सभा का आयोजन किया गया।जिसमे आगंतुक अतिथियों द्वारा श्री शनिदेव व भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर साधारण सभा का आयोजन प्रारंभ किया गया।साथ ही सभा अध्यक्ष नाथुलाल बाकोलिया एवं सचिव भगवानलाल शेर की अगुवाई में समाज के गणमान्यजनो द्वारा अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

उक्त साधारण सभा को संबोधित करते हुवे शिक्षाविद अशोक कुमार आर्टिया,पूर्व उपप्रधान तेजपाल सुकरिया द्वारा समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने एवं कुरूतियो को समाप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।

इस साधारण सभा में आम लेखा-जोखा प्रस्तुत करने सहित सर्वसम्मति से रेगर समाज की नवीन कार्यकारिणी का मनोनयन किया गया।जिसमे आम सहमति से अध्यक्ष पद पर शांतिलाल बागोरिया आकोला,सचिव पद पर रोशनलाल तरुगलिया तरनावो का खेड़ा,कोषाध्यक्ष आशीष जाटोलिया कांकरवा, संयोजक कैलाशचंद्र सोलिया सांवलियाजी,उपाध्यक्ष भैरूलाल तरुगलिया पीपली,नारायणलाल शेर लोहाणा,नारायणलाल बाकोलिया चंगेडी,युवा प्रकोष्ठ भंवरलाल कासौटिया सुरपुरी,माणकचंद्र चंगेरीवाल, शिक्षा प्रकोष्ठ प्रकाशचंद्र सुकरिया देलवास,प्रकाशचंद्र शेर लोहाणा,जगदीशचंद्र शेर,भंवरलाल भांकरीवाल कन्नौज सहित संरक्षक पद पर माधवलाल सोलिया, रोशनलाल जाटोलिया चगेड़ी,अशोक कुमार आर्टिया हिंगवानिया,कैलाशचंद्र चंगेरीवाल को मनोनीत किया गया।

इस मौके पर उपस्थित समाज के गणमान्यजनो एवं युवा वर्ग द्वारा नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत कर शुभकामनाएं दी गयी।

# समग्र योगाभ्यास के साथ योग, चिकित्सा शिविर का समापन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से पधारी वेद , योग, साधना और आयुर्वेद में पारंगत विदुषी योगिनी बहिनें पूज्या देव वाणी एवं पूज्या देव गरिमा के सानिध्य में शिवाजी गार्डन में 25 फरवरी से आयोजित हो रहे। विशेष योग चिकित्सा एवं साधना शिविर का समापन आज समग्र योगाभ्यास एवं नियमित योग करने के संकल्प के साथ हुआ। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला महामंत्री प्रेम शंकर जोशी के अनुसार शिविर में साध्वी बहनों ने आर्थराइटिस, घुटनों के दर्द एवं साइटिका, मधुमेह हृदयरोग, व अन्य रोगों से मुक्ति के योग आसनों का विधि पूर्वक अभ्यास करवाये तथा प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में साधकों ने नियमित योगाभ्यास के साथ-साथ विशेष भक्तिमय भजनों, आध्यात्मिक, वैदिक, मैंशास्त्रों पर चर्चा का आनंद लिया। योग सत्र के बाद दो प्रतिदिन सभी साधकों को हर्बल चाय और अंकुरित अनाज वितरित कर स्वास्थ्यवर्धक जीवन शैली के लिए प्रोत्साहित किया गया। शिविर को सफल बनाने में पतंजलि योग समिति के संरक्षक गोविंद सोडाणी राज्य प्रभारी महिला योग समिति विजयलक्ष्मी सोशल मीडिया प्रभारी श्याम नवरतन जिला प्रभारी नीरा मेहता भारत स्वाभिमान न्यास के संरक्षक भूपेंद्र मोगरा कोषाध्यक्ष रजनीकांत आचार्य जिला प्रभारी भीमाराम पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी भंवरलाल शर्मा युवा भारत जिला प्रभारी पीयूष शर्मा का तन, मन ,धन से विशेष सहयोग मिल रहा है। मुख्य योग शिक्षक दुर्गा लाल जोशी, विजयलक्ष्मी, धर्मपाल सिंह, प्रेम शंकर जोशी, रतन सिंह, राजेश पुरोहित, सावन जांगिड़ भंवर सेन, दिनेश लक्षकार, प्रियंका व्यास, शीतल सोनी, पूजा सुथार, निरंजना ने सभी को परिवार जनों सहित भीलवाड़ा में पथिक नगर बड़ा पार्क, आजाद नगर ष्ठ सेक्टर स्न सेक्टर ॥ सेक्टर गार्डन , स्मृति वन, सूर्य महल शिवाजी गार्डन, गायत्री शक्तिपीठ,ग्रामीण हाट, सेलिब्रेशन पार्क, कोदूकोटा, गंगापुर, मंगरोप, करेड़ा, गंगापुर में संचालित हो रही पतंजलि नि:शुल्क योग कक्षाओं में अपनी सुविधा अनुसार नियमित जाकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने का संकल्प दिलाया।

# विधानसभा नेता प्रतिपक्ष जूली से कपासन में चिकित्सकों की नियुक्ति एवं जलाशय सुदृढ़ीकरण की कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने मांग की

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** प्रदेश में स्थापित भाजपा सरकार में उपजिला चिकित्सालय कपासन पर चिकित्सकों के रिक्त पदों की भरपाई करने सहित नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र हेतु पेयजल का मुख्य स्त्रोत नगर कपासन के राज-राजेश्वर तालाब की दुर्दशा में सुधार कराने आदि नगर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर नगर कांग्रेस अध्यक्ष कपासन शंकरलाल प्रजापत द्वारा राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली से भेंटकर जनहित में जल्द समस्याओं का निराकरण करने की मांग की गयी है।

नगर कांग्रेस प्रवक्ता विजय बारेगामा ने बताया कि नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत द्वारा प्रदेश मुख्यालय पर राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से आवास पर भेंटकर नगर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की मांग की गयी।जिसमे नगर अध्यक्ष प्रजापत द्वारा विधानसभा नेता प्रतिपक्ष जूली को कांग्रेस सरकार में क्रमोन्नत उप जिला चिकित्सालय कपासन में चिकित्सकों की कमी, सोनोग्राफी के अलावा अन्य बीमारियों की जांच हेतु उपकरण का अभाव सहित क्षेत्र के किसान वर्ग एवं एवं नगर के मुख्य पेयजल स्त्रोत की दयनीय स्थिति का सुदृढ़ीकरण आदि समस्याओं से अवगत कराते हुवे जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग की गयी है।इस दौरान राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली द्वारा नगर अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत को उक्त समस्याओं का निराकरण कराने के आश्वासन दिया गया।इस मौके पर कांग्रेस के लीलाशंकर मेघवाल,मजहर हुसैन उपस्थित रहे।



# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया




बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में भारतीय मानक ब्यूरो की मानक क्लब गतिविधि के अन्तर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें सभी मानक क्लब के छात्राओ ने प्रतियोगिता में भाग लिया, निर्णायक दल द्वारा 4 प्रतिभागियों का चयन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया। शेष प्रतिभागियों को भी सात्वना पुरस्कार वितरित किया। इस प्रतियोगिता में संगीता लोदी ने प्रथम , साधना कुंवर ने द्वितीय कविता बाई ने तृतीय एवं राधिका कुवॅर ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया । इस अवसर पर मेंटर शिक्षक पवन कुमार सैनी द्वारा बी आई एस द्वारा प्रदान किये जाने वाले चिन्ह, हौल मार्क बी आई एस केयर एप के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा प्रधानाचार्य बागाराम देवासी द्वारा वर्तमान समय में बी आई एस के मानकों का निर्धारण उत्पादों के, प्रमाणीकरण की प्रक्रिया, परामर्श, प्रशिक्षण, सूचनाएं प्रदान करना आदि के संबंध में छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र बुनकर श्रीमती नीलमणि शर्मा एवं समस्त स्टाफ साथियों की उपस्थिति रही तत्पश्चात अल्पाहार वितरण किया गया।

# राज्य सरकार को करोड़ों की संपत्ति से हाथ धोना पड़ रहा है : हरिमोहन शर्मा

## बूंदी विधायक ने अराफात का मुद्दा विधानसभा में उठाया

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )** । विधायक हरिमोहन शर्मा ने राजस्थान विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के ध्यान आकर्षण नियम 131 के तहत विशेष उल्लेख प्रस्ताव के माध्यम से अरफात का मुद्दा विधानसभा में उठाया। शर्मा ने विधानसभा में कहा कि मैं गंभीर लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं जिसमें राज्य सरकार का तुरंत हस्तक्षेप करना अपेक्षित है।

पूर्व में जे.के. सिन्थेटिकस लिमिटेड को लीज भूमि 227 .17 एकड़ मैसर्स अराफात पेट्रोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम समझौते के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र आवंटन के अंतर्गत लीज की स्वीकृति प्रदान की थी लेकिन लीज की स्वीकृति की शर्तों की अनुपालन न होने के फलस्वरुप और नियमों के विपरीत लीज भूमि का किस्म परिवर्तन कर दुरुपयोग करने के कारण माननीय उच्चतम न्यायालय ने लीज भूमि का किस्म परिवर्तन का आदेश निरस्त कर राज्य सरकार की सरकारी संपत्ति मान लिया है।

लेकिन अभी तक विधि विशेषज्ञ की राय के अनुसार भी इस 227 .17 एकड़ भूमि को सरकार ने अपने कब्जे में नहीं लिया और अराफात इस भूमि का दुरुपयोग कर रही है। और मजदूरों की बकाई राशि की देनदारी भी यह कंपनी नहीं दे पा रही है। यह भूमि अराफात पेट्रोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के कब्जे में चल रही है जिससे राज्य सरकार को करोड़ों की संपत्ति से हाथ धोना पड़ रहा है। सरकार इस भूमि को जल्द अपने कब्जे में लेवे। साथ ही शर्मा ने विधानसभा में कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ उद्योग मंत्री राजस्थान सरकार से विधानसभा में मुलाकात कर चर्चा की।

# लव जिहाद के अपराधियों को फाँसी हो : हिन्दू समाज

- विजयनगर ब्लैकमेल कांड को लेकर समाज में आक्रोश, सर्व हिन्दू समाज के आग्रह पर बाजार बंद व आक्रोश रैली
- सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक, राजनीतिक संगठनों और सभी जाति बिरादरियों की नजर आई एकजुटता

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )**। शहर के राजनगर कस्बे में सुबह से ही प्रतिष्ठान व बाजार बंद का माहौल था । चहल पहल अधिक नहीं होने के साथ हर व्यक्ति के मुँह पर अपनी बहन बेटियों व धर्म की रक्षा हेतु लव जिहाद के प्रति आक्रोश था। सर्व हिन्दू समाज समाज के आग्रह पर विजयनगर (अजमेर) क्षेत्र में मुस्लिम समाज के असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल जाने वाली नाबालिग हिंदू लड़कियों को धोखे से अपने जाल में फंसाकर, उनके साथ अनुचित वीडियो बनाकर, ब्लैकमेल करने और उनका शोषण करने की घिनौनी घटनाओ को लेकर शहर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय फव्वारा चौक से मुख्य मार्ग से होते हुए जिला कलेक्ट्रेट तक आक्रोश रैली निकली जिसमे बड़ी संख्या में सर्व हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। दिनदयाल उपाध्याय सर्कल से शुरू हुई रैली में लोगों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। महिलाओं ने भी गगनभेदी नारे लगाकर विरोध जताया। रैली शहर के सदर बाजार, दाणी चबूतरा, गणेश चौक, कलालवाटी, किशोरनगर, मंडा होते हुए जिला परिषद चौराहे से जिला कलेक्ट्रेट में पहुंची। जहा सर्व समाज के लोगो ने संतो व महंतो के सानिध्य में ज्ञापन देते हुए कहा की उन मुस्लिम लड़कों का इरादा न केवल उक्त हिंदू बालिकाओं का यौन शोषण करना था अपितु धर्मांतरण के माध्यम से इस देश को दारुल इस्लाम बनाना भी है। इन घटनाओं में पीडितों पर अनैतिक दबाव डालने और उनकी गरिमा को ठेस पहुँचाने के उद्देश्य से योजनाबद्ध षड्यंत्र रचा जाता है।

यह अपराध न केवल विजयनगर बल्कि राजसमन्द में भी गंभीर चिंता का विषय है। राज्य के विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे मुस्लिम असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल, कॉलेज और ट्यूशन सेंटरों के बाहर योजनाबद्ध तरीके से हिंदू लड़कियों को फंसाने, शोषण करने और उन्हें मानसिक और शारीरिक आघात पहुँचाने के मामले सामने आए हैं। सर्व हिंदू समाज ने प्रशासन से आग्रह किया कि ऐसे मुस्लिम असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर, उनके विरुद्ध सघन अभियान चलाया जाए और कानून के अनुसार कठोरतम कार्रवाई की जाए। हमारी बहन-बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा मजबूत कदम उठाया जाए। सर्व हिन्दू समाज ने मांग की है कि स्कूल, कॉलेज, ट्यूशन सेन्टर, कोंचिग क्लासेज के बाहर नियमित रूप से पुलिस की नियुक्ती की जाकर बच्चीयों को सुरक्षा प्रदान कराई जावे। राजसमंद में भी ऐसे अनेक संवेदनशील क्षेत्र है जहाँ लव जिहाद ओर लैंड जिहाद की गतिविधिया जोर शोर से विधर्मियो द्वारा चलाई जा रही है, ऐसे व्यक्तियों व स्थानो पर तुरन्त दबीश देकर अवेध गतिविधियो को बंद करवाया जावे ओर सार्वजनिक भूमि पर मजार ओर अन्य ईरादो से किये गए कब्जो को ध्वस्त किया जावे। विजयनगर कांड का कोई भी अभियुक्त बच न पाए और दोषियों को शीघ्रता से कठोर सजा दी जाए।

सर्व हिंदू समाज यह भी चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में ऐसी कोई घटना फिर से घटित होती है और प्रशासन समय पर उचित कदम नहीं उठाता है, तो समाज के लोग मजबूरन सडकों पर उतरकर स्वयं न्याय करेंगे। इस दौरान समाज के प्रबुद्धजन, मातृशक्ति व युवाओं ने आक्रोश रैली की व्यवस्थाओं को स्वनुशासन के साथ संभाला।

# लोगो को साक्षर बनाने को लेकर अभियान जारी, डिजिटल साक्षरता पर दिया जा रहा जोर

## ब्लॉक के समस्त ग्राम पंचायतों के पीईओ को दिया कार्यशाला में प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )**। नवभारत साक्षरता के अंतर्गत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किला बाड़ी में जिला साक्षरता अधिकारी वीरी सिंह के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें ब्लॉक के समस्त पीईओ और स्कूल प्राचार्यो ने भाग लिया।

जिला साक्षरता अधिकारी वीरी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि किशन 2011 की जनगणना के अनुसार पूरे देश में 75.76 करोड लोग निरक्षर थे लेकिन लगातार साक्षरता कार्यक्रमों और शिक्षा के प्रति किए गए प्रचार प्रसार के चलते अब इनकी संख्या घटकर 18.12 करोड़ रह गई है। जिनको साक्षर किया जाना जरूरी है। नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर करने का कार्य किया जा रहा है। जो की बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसके अंतर्गत आज के समय अनुसार न केवल साक्षर व्यक्ति का हस्ताक्षर करना जरूरी है। बल्कि उसे इतना जागरूक और साक्षर बनाना है कि वह अपने नाम पता लिख सके। बैंक में जाकर वित्तीय लेनदेन कर सके। मोबाइल चलाना सीख सके। क्योंकि मोबाइल से पैसों का लेनदेन तो होता ही है हर जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध है। जिसके लिए डिजिटल साक्षरता,वित्तीय लेनदेन, मोबाइल बैंकिंग,शिशु देखभाल,पशुओं की सुरक्षा आदि जैसे कार्य किया जा रहे हैं। इसलिए इस कार्य को पूर्ण ईमानदारी से दिए गए लक्ष्य अनुसार पूर्ण करना है। इस दौरान संदर्भ व्यक्ति (आरपी) राजेश शर्मा व्याख्याता एवं भारत भूषण भारद्वाज अध्यापक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिला साक्षरता कार्यालय से प्रशासनिक अधिकारी बने सिंह द्वारा वित्तीय लेनदेन के बारे में जानकारी दी गई एवं पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया की हर पंचायत स्तर पर पीईओ की विशेष जिम्मेदारी बनती है। खासकर महिलाओं को साक्षर करना बेहद जरूरी है। जिसके लिए हर ग्राम पंचायत पर 15 से 20 वॉलिंटियर्स को यह पीईओ प्रशिक्षण देंगे जो घर-घर जाकर लोगों को साक्षर करेंगे। जिनकी प्रथम परीक्षा का आयोजन 23 मार्च को होगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरिओम सिंह सिकरवार, प्रतिभा तोमर,भगवान दास शर्मा,रामदास बघेल,ओमवती मीणा, गुमान सिंह मीणा,लक्ष्मण सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक मुकेश अग्रवाल द्वारा किया गया।



# गैर चुनाव अवधि में भी भ्रामक व संवेदनशील खबरों पर रखे बारीकी से निगरानी : जिला निर्वाचन अधिकारी

## जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )**। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन समिति के संचालन के संबंध में बैठक आयोजित हुई । जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मीडिया जनमानस तक सूचना या बात पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है किंतु भ्रामक या फेक खबरों से इसका दुरुपयोग भी आसान है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग व राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गैर चुनाव अवधि में भी जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग व क्रियान्वयन समिति का सतत रूप से सक्रिय रहना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित संवेदनशील न्यूज़ व फेक न्यूज़ की जिला स्तर पर मॉनिटरिंग करने के लिए जिला स्तरीय समिति के सदस्यों को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि जिले में प्रकाशित या प्रचारित चुनाव संबंधी संवेदनशील व भ्रामक समाचारों का संज्ञान में आते ही त्वरित रूप से जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करें जिससे कि फेक न्यूज़ का फैक्ट चेक तैयार कर प्रसारित व प्रचारित करवाया जा सके ताकि आमजन को किसी प्रकार की गलत न्यूज़ प्राप्त नहीं हो। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ओमप्रकाश मेहरा ने जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन समिति के सदस्यो को प्रभावी रूप से गैर चुनाव अवधि में फेक न्यूज़ की मॉनिटरिंग कर भारत निर्वाचन आयोग की मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार पालना करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्री चंद्रभान सिंह भाटी, उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग श्री मोहम्मद ताहिर खान, भीलवाड़ा उपखंड अधिकारी श्री दिव्यराज चुंडावत, सदस्य सचिव सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी श्री रविंद्र कुमार वैष्णव, सूचना एवं प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त निदेशक श्री पवन ननकानी, श्री चुनाव शाखा के वरिष्ठ कार्मिक श्री कैलाश शर्मा, वरिष्ठ सहायक श्री रोहित वर्मा मौजूद रहे।

# गुमट गैरत खेल में अंडा-चाऊमीन और फास्ट फूड की दुकान में लगी आग

## मोहल्ले के लोगो ने बुझाई आग, सबकुछ जलकर खाक, पीड़ित को लाखो का नुकसान

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )**। शहर के गुमट गैरत खेल क्षेत्र में सोमवार की शाम एक फास्ट फूड और अंडा चाउमीन की दुकान में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। दुकानदार उस दौरान अपना रोजा खोलने घर गया हुआ था। जैसे ही उसे पड़ोसियों से सूचना मिली वह तुरंत दुकान पर पहुंचा और अपनी दुकान की शटर को जैसे-तैसे ऊपर उठाया। इस दौरान आसपास के लोगों ने भी उसकी मदद की लेकिन आग लगने के बाद उसको बुझाने के सारे प्रयास विफल हो गए। ऐसे में आग लगने की इस घटना में दुकान में रखा सारा सामान और दुकानदारी के पैसे जलकर खाक हो गए है। घटना में पीड़ित को करीब चार से पांच लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। शहर के गुमट गैरत खेल क्षेत्र में चाऊमीन अंडा और फास्ट फूड की दुकान में लगी आग को लेकर पीड़ित दुकान मालिक आकिब पुत्र नूर खां बताया कि सोमवार की शाम करीब 6 बजे वह दुकान को बंद कर अपने घर रमजान का दूसरा रोजा खोलने गया था। इस दौरान पड़ोसियों ने उसे फोन पर सूचना दी की उसकी दुकान में आग लगी है।जिसकी लपटे बाहर निकल रही है। वह दौड़ता हुआ दुकान पर आया तो देखा की दुकान आग की लपटों में घिरी हुई थी। उसने जैसे-तैसे आस पास के युवाओं के सहयोग से दोनों शटर को उठाया और आसपास के घरों के समर पंप एवं पानी के अन्य साधनों से आग को बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान नगर पालिका फायर स्टेशन को भी सूचना दी गई लेकिन दमकल मौके पर नहीं पहुंच पाई। आग लगने की इस घटना में करीब एक घंटे में दुकान का सारा सामान जलकर खाक हुआ है। जिसमें फ्रिज,पेटीज मशीन,डीप फ्रीजर,फर्नीचर,गैस चूल्हा और दुकानदारी के करीब चार से पांच हजार की नगदी और अन्य सामान जला है। पीड़ित दुकान मालिक आकिब के ताऊ चांद खां ने बताया कि बिजली के शार्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ है। पीड़ित आकिब की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। उसने लोगो के सहयोग से एक साल पहले यह दुकान खोली थी। जिसमे यह हादसा हुआ है। ऐसे में प्रशासन से मदद की मांग की है।

# गायत्री शिक्षण संस्थान बूंदी के द्वारा निशुल्क कंप्यटर कोर्स का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ




बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )** । बूंदी में गायत्री शिक्षण संस्थान के निदेशक अभिषेक वधवा के द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के तहत महिला बाल विकास मंत्रालय के माध्यम से महिला एवं बालिकाओं को निशुल्क कंप्यूटर कोर्स, टैली एकाउंटिंग कोर्स, इंग्लिश स्पोकन कोर्स का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति सरोज अग्रवाल, महिला बाल विकास विभाग से जेंडर स्पेशलिस्ट विनीता अग्रवाल के द्वारा अध्यक्षता की गई, विशेष अतिथि के रूप में पूर्व उपसभापति डॉ हीना अगवन, आरकेसीएल डिविजनल हेड गौतम सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती का दीप प्रज्वलित करके किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में आरकेसीएल कोटा डिवीजन हेड गौतम सिंह के द्वारा कोर्स के बारे में जानकारी दी गई सभी छात्रों को बताया गया की सभी सरकारी नौकरियों में आरएससीआईटी कोर्स जरूरी है अन्यथा राजस्थान की सरकारी नौकरी में आपका सिलेक्शन नहीं होगा।

सभापति सरोज अग्रवाल के द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नारी सशक्तिकरण पर जोर देते हैं महिलाओं को इस प्रकार के कोर्स कर स्वरोजगार के लिए आगे बढ़ना चाहिए महिलाओं को गायत्री शिक्षण संस्था के द्वारा इस प्रकार की जो कोर्स चलाए जा रहे हैं इसके लिए उन्होंने शुभकामना दी गई। विशिष्ट अतिथि डॉ हीना अगवन ने सभी महिलाओं को वर्तमान समय में स्वरोजगार की तरफ बढ़ाना चाहिए क्योंकि महिलाओं पर दो परिवारों की जिम्मेदारी होती है अगर महिला पढ़ी-लिखी होगी तो अपने परिवार को भी वह अच्छी शिक्षा दे पाएगी । कार्यक्रम में संस्था नगमा शेख, भानु माथुर , जोधराज मेघवाल, विशाल प्रजापत इत्यादि सदस्य उपस्थित रहे।

### निर्माण श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण अपील

# श्रम विभाग की कल्याणकारी योजनाओं में आवेदन स्वीकृत करवाने के नाम पर ठगी से रहें सावधान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )**। श्रम विभाग की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने के नाम पर ठग भिन्न-भिन्न फोन नम्बर (97849-83954, 87699-06208) से जिले के निर्माण श्रमिकों को फोन कर रहे हैं। उपश्रम आयुक्त सुनील कुमार यादव ने बताया कि फोनकर्ता स्वयं को श्रम विभाग भीलवाड़ा का अधिकारी/कार्मिक बताकर योजनाओं के आवेदन स्वीकृत करवाने के एवज में धनराशि की मांग करते हैं। ऐसे ठग जनसूचना पोर्टल से आवेदनों की जानकारी लेते हैं तथा हिताधिकारियों से दूरभाष पर सम्पर्क कर और उन्हें श्रम विभाग के अधिकारी के संपादित किए हुए स्क्रीनशॉट भेजकर अपने जाल में फंसाते हैं। इस संबंध में प्रतापनगर पुलिस थाने में श्रम विभाग द्वारा परिवाद भी दर्ज करवाया गया है। उपश्रम आयुक्त ने जिले के समस्त निर्माण श्रमिकों से अपील कि है कि वे इस तरह के किसी झांसे में न आए। श्रम विभाग द्वारा किसी भी आवेदन को स्वीकृत करने के लिए इस के तरह फोन कर धनराशि की मांग नहीं की जाती है। इस तरह के फोन आने पर तुरंत अपने नजदीकी पुलिस थाने में परिवाद दर्ज करवाये। इसके अतिरिक्त भी आवश्यक हो तो योजनाओ से संबंधित समस्या/जानकारी हेतु जिला कार्यालय उपश्रम आयुक्त, पांसल चौराहा, लेबर कॉलोनी, भीलवाड़ा से सम्पर्क करे।

# अग्रवाल महिला मंडल के चुनाव हुए सम्पन्न,अध्यक्ष बनी उषा मित्तल

## अन्य पदों पर भी हुआ निर्विरोध निर्वाचन, अग्रवाल समाज के पदाधिकारी रहे मौजूद



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )**। अग्रवाल महिला मंडल बाड़ी के रिक्त हुए अध्यक्ष,महामंत्री, सूचना मंत्री एवं उपाध्यक्ष के पदों पर निर्वाचन श्री फटा सर्राफ धर्मशाला में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग,महामंत्री हरिशंकर मंगल एवं निरीक्षक अग्रसेन विद्यापीठ दीनदयाल मित्तल की देख रख में कराया गया।

सर्वसम्मति से हुए इस चुनाव में अध्यक्ष ऊषा मित्तल,उपाध्यक्ष विद्या देवी जिंदल,महामंत्री सुमन मंगल,सूचना मंत्री विमला गर्ग सर्व सम्मति से चुनी गई साथ मे कोषाध्यक्ष प्रिंसी गर्ग, संगठन मंत्री सुनीता मित्तल,निरीक्षक लता मंगल,मीडिया प्रभारी मंजू अग्रवाल को फिर से चुना गया है। निर्वाचन के दौरान जिला अध्यक्ष सरोज मंगल,जिला महामंत्री नीतू सिंगल,निरमा सिंगल,रानी गर्ग,अनीता सिंघल,मालती मित्तल,शालिनी गर्ग,इंदिरा गोयल,कविता मित्तल, आशा बंसल,विमला गर्ग आदि महिला सदस्य मौजूद रही।

# प्रियंका की मां ने शेयर किए पर्सनल किस्से

## कहा- अपने पिता की डेथ के 6 दिन बाद मेरे लिए बर्थडे पार्टी ऑर्गेनाइज की



**प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा ने हाल ही में एक्ट्रेस से जुड़े कई खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस ने अपने पिता के निधन के छह दिन बाद ही उनके बर्थडे के लिए काफी कुछ किया था।**

### पिता के निधन के 6 दिन बाद मां के लिए पार्टी रखी

प्रियंका की मां ने हाल ही में लेहरें रेट्रो के साथ पॉडकास्ट में बातचीत करते हुए कहा- प्रियंका के पिता का निधन 10 जून को हुआ और मेरा जन्मदिन 16 जून को होता है। मैं 60 साल की हो रही थी। इसलिए प्रियंका के पिता ने मेरे लिए एक बड़ी पार्टी की प्लानिंग की थी। उस समय वह काफी बीमार थे, जिसके कारण पूरा परिवार पहले से ही वहां मौजूद था। इसी दौरान उनका निधन हो गया। उनके जाने के बाद हम काफी शोक में थे। लेकिन उस वक्त प्रियंका ने कहा कि हम बर्थडे पार्टी ऑर्गेनाइज करेंगे और सभी गेस्ट को रुकने के लिए कहा। उसने कहा, पिता जी यही तो चाहते थे।

### जॉन से मेरे बर्थडे गिफ्ट के रूप में आने के लिए कहा

मधु चोपड़ा ने पूरा किस्सा शेयर करते हुए बताया कि मैं जॉन अब्राहम की शुरू से ही बहुत बड़ी फैन हूं। इसलिए प्रियंका ने आधी रात को जॉन को कॉल किया और उनसे रिक्वेस्ट की। प्रियंका ने जॉन से कहा कि वह मेरे बर्थडे में गिफ्ट के तौर पर आएं।

### फैमिली के लोगों ने जज किया- मधु चोपड़ा

बर्थडे पार्टी को ऑर्गेनाइज करते वक्त प्रियंका ने कहा, मां को अपना मूमेंट चाहिए। मधु चोपड़ा ने बताया कि यह एक ग्रैंड पार्टी थी। पार्टी में डीजे, म्यूजिक सब था। लेकिन फैमिली के लोग काफी उदास बैठे हुए थे, और कह रहे थे- उसे देखो! वह डांस कर रही है! क्या वह अपने पति के लिए दुखी नहीं है? हालांकि, मधु चोपड़ा ने इसे अलग तरह से देखा। उन्होंने माना कि उनके बच्चों ने इतने दुख के बावजूद भी उन्हें खास महसूस कराने के लिए बहुत मेहनत की है। प्रियंका का कहना था कि पिता यही चाहते थे कि मां का 60वां जन्मदिन अच्छे से सेलिब्रेट किया जाए।

### पिता के जाने के बाद बदलाव आए- प्रियंका

इससे पहले प्रियंका चोपड़ा ने रीड द रूम पॉडकास्ट पिता की डेथ को लेकर बात की। एक्ट्रेस ने बताया कि 2013 में उनके पिता की डेथ के बाद से उनमें काफी बदलाव आए। प्रियंका ने कहा- मेरे पिताजी के निधन के बाद, मैं धीरे-धीरे मैंने यह जाना कि इस तरह दर्द कभी खत्म नहीं होगा। यह आपका साथी बना रहेगा। इसलिए, यदि आप उस दिन के बारे में सोच रहे हैं कि जब यह दर्द कम होगा तो ऐसा नहीं होता।

### साल 2013 में हुई थी पिता की डेथ

बता दें, प्रियंका के पिता अशोक चोपड़ा की साल 2013 में कैंसर से डेथ हो गई थी। श्रद्धांजलि के तौर पर एक्ट्रेस ने अपने राइट हैंड पर टैटू बनवाया, जिस पर लिखा है डैडीज लिटिल गर्ल।



# स्क्रिप्ट में था दम, लेकिन प्रोड्यूसर के इरादे खराब

## विक्की कौशल की को-स्टार रहीं अलंकृता सहाय ने बताई पंजाबी फिल्म छोड़ने की वजह

2014 में मिस इंडिया अर्थ का खिताब जीत चुकी मॉडल-अभिनेत्री अलंकृता सहाय अपनी बेबाकी के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में बातचीत में उन्होंने खुलासा किया कि कैसे एक पंजाबी फिल्म की शूटिंग के दौरान प्रोड्यूसर के अजीब व्यवहार ने उन्हें असहज कर दिया, जिससे उन्हें फिल्म छोड़नी पड़ी। बातचीत के दौरान, उन्होंने अपनी प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी कुछ दिलचस्प किस्से शेयर किए। बता दें, अलंकृता ने बॉलीवुड में डेब्यू फिल्म 'लव पर स्क्वायर फीट' से किया था, जिसमें वह विक्की कौशल के साथ नजर आई थीं।

### मॉडलिंग और एक्टिंग करियर की शुरुआत

बचपन में मुझे परफॉर्मिंग आर्ट्स का बहुत शौक था। स्कूल में डांस, डिबेट, नाटक – हर चीज में हिस्सा लेती थी। मेरी टीचर और पेरेंट्स ने हमेशा सपोर्ट किया। लेकिन उस वक्त सोचा नहीं था कि एक्टिंग मेरा करियर बनेगी। मेरा सपना तो डॉक्टर बनने का था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। मैं मुंबई किसी और काम से आई थी, लेकिन यहां का माहौल और इंडस्ट्री की चकाचौंध मुझे खींच लाई। कॉलेज में थिएटर किया था, लेकिन करियर के रूप में इसे कभी नहीं सोचा था। फिर मिस इंडिया का टाइटल जीता और इंटरनेशनल लेवल पर भारत को रिप्रेजेंट किया। तभी अहसास हुआ कि यही मेरा रास्ता है। उस दिन मेरी मम्मा ने कहा, 'तुम्हें देश के लिए कुछ करना था, और तुमने कर दिखाया।' बस, वहीं से जर्नी शुरू हो गई।

### विक्की कौशल के साथ पहला फिल्मी अनुभव

दरअसल, हिमेश रेशमिया सर ने मुझे अपने म्यूजिक एल्बम में लॉन्च किया। वह एक बड़ा मौका था, जिससे बॉलीवुड के बड़े लोगों से मिलने का अवसर मिला। इसके बाद टीवी ऐड्स मिले और फिर मेरी पहली फिल्म 'लव पर स्क्वायर फीट' मिली, जिसमें मैं विक्की कौशल के साथ नजर आई। विक्की बहुत अच्छे इंसान हैं। जब हमने साथ काम किया, तब भी वह टैलेंटेड थे और आज तो उनकी एक्टिंग कमाल की हो गई है। फिल्म छावा में उनका किरदार देखकर सच में रोंगटे खड़े हो गए। हम अब भी टच में हैं। वह इंस्टाग्राम पर हमारे पोस्ट्स पर कमेंट करते हैं और मैं भी उनकी जर्नी फॉलो करती हूं। फिल्म के बाद सबकुछ ठीक चल रहा था, लेकिन कोविड ने ब्रेक लगा दिया। बिना फिल्मी बैकग्राउंड के, दोबारा इंडस्ट्री में जगह बनाना मुश्किल था, मगर मैंने हार नहीं मानी।

### मिस इंडिया बनने के बाद भी स्ट्रगल

लोग मानते हैं कि अगर लड़की सुंदर है, तो उसमें टैलेंट नहीं होगा। मुझे भी इसी सोच का सामना करना पड़ा। जब मैं मिस इंडिया बनी, तो कुछ लोगों ने कहा, 'अरे, ये तो सिर्फ एक प्रिटी फेस है, एक्टिंग नहीं कर पाएगी।'

लेकिन मैंने हार नहीं मानी। ऑडिशन दिए, एक्टिंग वर्कशॉप कीं और खुद को साबित किया। ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा, सुष्मिता सेन – ये भी मिस इंडिया थीं, लेकिन अपनी मेहनत से उन्होंने खुद को साबित किया। इंडस्ट्री में टिकने के लिए सिर्फ खूबसूरती नहीं, टैलेंट और मेहनत भी चाहिए।

### 'नमस्ते इंग्लैंड' में अर्जुन कपूर के साथ काम करने का अनुभव

अर्जुन बहुत मजेदार इंसान हैं। सेट पर उनका एनर्जी लेवल हमेशा हाई रहता था और उनके आसपास का माहौल कभी भी बोरिंग नहीं होता था। वह को-स्टार्स को कंफर्टेबल फील कराते हैं और शूटिंग के दौरान हंसी-मजाक चलता रहता था। लेकिन जब काम की बात आती थी, तो वह उतने ही प्रोफेशनल और डेडिकेटेड हो जाते थे। एक खास किस्सा मुझे याद है- हम एक छत पर शूट कर रहे थे और उस दिन मौसम बेहद ठंडा था। मैं ठंड से कांप रही थी, लेकिन अर्जुन ने बिना कुछ कहे अपनी जैकेट उतारकर मुझे दे दी। यह उनकी केयरिंग नेचर को दिखाता है। वह सिर्फ ऑन-स्क्रीन ही नहीं, बल्कि असल जिंदगी में भी बहुत अच्छे इंसान हैं। मुझे उनकी एक और बात बहुत पसंद आई – जब मेरे पापा का निधन हुआ था, तब अर्जुन ने मुझे मैसेज करके संवेदना जताई थी। इंडस्ट्री में बहुत कम लोग ऐसे होते हैं, जो निजी स्तर पर भी दूसरों की परवाह करते हैं। अर्जुन ऐसे ही इंसान हैं – बेहद ग्राउंडेड, केयरिंग और दिल से अच्छे।

### इंडस्ट्री में बुरा अनुभव

टचवुड, बॉलीवुड में मेरा अब तक का सफर प्रोफेशनल और अच्छा रहा है। लेकिन एक बार पंजाबी फिल्म के दौरान एक अजीब स्थिति का सामना करना पड़ा था। दरअसल, मुझे एक पंजाबी फिल्म के लिए साइन किया गया था। प्रोड्यूसर नए थे, लेकिन शुरुआती बातचीत में सब कुछ नॉर्मल लग रहा था। उन्होंने कहा कि शूटिंग चंडीगढ़ में होगी और सबकुछ अच्छे से मैनेज किया जाएगा। मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी थी और कहानी भी ठीक लगी थी, इसलिए मैंने हां कर दी। मैंने जैसे ही चंडीगढ़ में कदम रखा, माहौल अचानक बदलने लगा। वहां पहुंचते ही एहसास हुआ कि चीजें वैसे नहीं थीं, जैसा मुझे बताया गया था। पहले तो उन्होंने पूछा कि मैं होटल में क्यों ठहरी, जबकि मैंने अपने होटल का खर्चा खुद उठाया था। फिर उनका कहना था कि मुझे उनके बताए हुए जगह पर ही रुकना चाहिए, ताकि मैं 'टीम के साथ घुल-मिल' जाऊं।



# रश्मिका मंदाना पर भड़के कांग्रेस विधायक

## कहा- बैंगलोर फिल्म फेस्टिवल का बुलावा दिया तो एक्ट्रेस ने कहा मुझे नहीं पता कर्नाटक कहां है, क्या सबक नहीं सिखाना चाहिए

छावा एक्ट्रेस कन्नड़ का अपमान करने के आरोपों के चलते विवादों से घिरती नजर आ रही हैं। हाल ही में कांग्रेस विधायक ने रश्मिका पर आरोप लगाया है कि कुछ समय पहले उन्हें बैंगलोर के एक फिल्म फेस्टिवल में आने का न्योता दिया गया था, हालांकि उन्होंने ये कहते हुए इसे अटेंड करने से इनकार कर दिया कि वो हैदराबाद से हैं, जबकि एक्ट्रेस ने करियर की शुरुआत ही कन्नड़ सिनेमा से की थी। इस पर कांग्रेस विधायक ने रश्मिका को सबक सिखाने की चेतावनी दी है। इस पर एक्ट्रेस की टीम का बयान भी सामने आ चुका है।

कांग्रेस विधायक रवि कुमार गौड़ा ने हाल ही में रश्मिका को सबक सिखाने की बात करते हुए कहा, रश्मिका मंदाना ने कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। पिछली बार जब उन्हें बैंगलोर फिल्म फेस्टिवल के लिए इनवाइट किया गया तो उन्होंने कहा था कि वो हैदराबाद में रहती हैं। वो नहीं जानती कि कर्नाटक कहां है और उनके पास समय भी नहीं है। उन्होंने बयान में आगे कहा, हमारा एक विधायक रश्मिका के घर 10-12 बार गया, लेकिन उन्होंने कन्नड़ के बारे में आपत्तिजनक बातें कहीं। जबकि वो कन्नड़ से आती हैं। क्या उन्हें सबक नहीं सिखाना चाहिए।

### रश्मिका की टीम ने कहा, ये खबरें पूरी तरह अफवाह

विवाद बढ़ने पर रश्मिका मंदाना के करीबी सूत्र ने मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा, जिन खबरों में ये दावा किया जा रहा है कि रश्मिका ने बैंगलोर फिल्म फेस्टिवल में जाने से इनकार किया और राज्य सरकार पर गलत बयान दिए, वो पूरी तरह से गलत हैं। इनमें कोई सच्चाई नहीं है।

### विधायक बोले- पब्लिकली डॉक्यूमेंट दिखाऊंगा

रश्मिका की टीम की सफाई आने के बाद भी विवाद कम नहीं हुआ। अब कांग्रेस विधायक ने एक स्टेटमेंट जारी कर कहा है, मैं इसे चुनौती देता हूं। हमने रश्मिका को इनवाइट किया था और उन्होंने इससे इनकार कर दिया था, हम इसका डॉक्यूमेंट पब्लिकली जारी करेंगे।

इस मामले में बीजेपी विधायक राजीव चंद्रशेखर रश्मिका मंदाना के सपोर्ट में उतरे हैं। उन्होंने एक पोस्ट जारी कर कांग्रेस विधायक को जमकर फटकार लगाई है।

# समय रैना-रणवीर अलाहबादिया पर भड़के शेखर सुमन

## कहा- इन्हें देश से निकाल दो, सरकार से दरख्वास्त करूंगा कि ऐसे लोगों का शो हमेशा के लिए बंद हो

इंडियाज गॉट लेटेंट शो में अश्लील टिप्पणी करने के मामले में समय रैना और रणवीर अलाहबादिया विवादों में हैं। हाल ही में कोर्ट ने रणवीर अलाहबादिया को उनका पॉडकास्ट दोबारा शुरू करने की अनुमति दे दी है। साथ ही कोर्ट ने समय रैना को कनाडा के शो में केस का जिक्र करने पर फटकार लगाई है। इसी बीच अब शेखर सुमन ने दोनों पर भड़कते हुए उनके शो को हमेशा के लिए बंद करवाए जाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों को देश से निकाल देना चाहिए। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड से बात करते हुए शेखर सुमन ने समय रैना और रणवीर अलाहबादिया का नाम लिए बिना कहा, मेरा शो मूवर्स एंड शेखर आ रहा है। ये वो शो है जिस पर मुझे गर्व है। उसमें टांग खींचते थे, लेकिन अब इस तरह का जमाना आ गया है, जहां मां-बाप को लेकर इस तरह की गंदी बातें की जा रही हैं। इन लोगों को तो देश निकाला दे देना चाहिए। इन लोगों को तो देश में वापस नहीं लाना चाहिए। ऐसे लोग जो इस तरह की बदतमीजियां कर रहे हैं, रोस्ट के नाम पर, यूट्यूब पर फ्रीडम ऑफ स्पीच के नाम पर।

आगे उन्होंने कहा, बोलने की आजादी होने का ये मतलब नहीं है कि आप उसे गालियों से भर दें या ऐसी गंदगी भर दें, जिसे सुनकर आदमी बीमार हो जाए, पूरा देश बीमार हो जाए। सरकार से मैं दरख्वास्त करूंगा कि ऐसे लोगों का शो हमेशा के लिए बंद हो जा जाना चाहिए और इन्हें कहीं दूर रंगून भेज देना चाहिए।

# धड़कन की शूटिंग के दौरान हुआ था ब्रेकअप

## शिल्पा ने कहा था- ट्विंकल से नाराज नहीं, पार्टनर ने धोखा दिया तो किसी और से क्या शिकायत

अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी ने करीब 3 दशकों बाद अपने आइकॉनिक सॉन्ग चुराके दिल मेरा के हुक स्टेप्स रीक्रिएट किए हैं। एक समय में ब्रेकअप के बाद शिल्पा ने कहा था कि वो कभी अक्षय के साथ काम नहीं करेंगी। ऐसे में दोनों कम ही मौकों पर साथ देखे गए हैं। हालांकि, अब सालों बाद शिल्पा-अक्षय को साथ परफॉर्म करते देख फैंस ने अनुमान लगाया है कि दोनों ने गिले-शिकवे मिटा दिए हैं।

हाल ही में बॉलीवुड इंडस्ट्री से कई सेलेब्स एक हिंदुस्तान टाइम्स मोस्ट स्टाइलिश अवॉर्ड शो का हिस्सा बने। इस दौरान अक्षय कुमार और शिल्पा को मंच पर बुलाया गया, जहां दोनों ने 1994 की ब्लॉकबस्टर फिल्म मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी के गाने चुराके दिल मेरा पर परफॉर्मेंस दी। 31 साल बाद दोनों की वही कैमिस्ट्री देखकर फैंस ने उनसे साथ फिल्म करने की भी डिमांड करना शुरू कर दी है।



RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# राज्य सरकारें सस्ता इलाज देने में नाकाम : सुप्रीम कोर्ट

## इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा, राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई गई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। इसलिए ऐसे अस्पतालों पर नकेल कसी जाए। इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने इस पर सुनवाई की। केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा कि मरीजों को अस्पताल की फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं ताकि मरीजों का शोषण न हो। जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा- इसे कैसे नियंत्रित करें जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, हम



याचिकाकर्ता की बात से सहमत हैं, लेकिन इसे कैसे नियंत्रित करें? कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा कि वे प्राइवेट अस्पतालों को कंट्रोल करें, जो मरीजों को अस्पताल की दुकान से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयां जो किसी और जगह सस्ते में मिल जाती हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनाने को कहा, जिससे प्राइवेट अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सकें।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सभी राज्यों को नोटिस भेजा था। ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने जवाब दाखिल किए थे। दवाइयों की कीमतों के मुद्दे पर राज्यों ने कहा कि वे केंद्र सरकार के प्राइस कंट्रोल ऑर्डर पर निर्भर हैं।

## जनेऊ विवाद पर राजकुमार-रोत ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

### कहा- सरकारी आदेश की पालना कराना ही कर्मचारियों के लिए बना गुनाह, बहाल करें सरकार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में रीट परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की जनेऊ उतरने को लेकर सियासी विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। एक और जहां प्रदेश सरकार ने 2 अभ्यर्थियों की जनेऊ उतरवाने वाली महिला सुपरवाइजर और पुलिस कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया है। वहीं, भारतीय आदिवासी पार्टी के सांसद राजकुमार रोत ने सरकार द्वारा की गई कार्रवाई को पूरी तरह से गलत बताते हुए दोनों कर्मचारियों को फिर से बहाल करने की मांग की है।

राजकुमार रोत ने कहा- राजस्थान में भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार के आदेश की पालन करना ही कर्मचारियों के लिए गुनाह बन गया है। डूंगरपुर में रीट परीक्षा के दौरान सरकारी नियमों की पालना कराने वाले दो कर्मचारियों को सस्पेंड करना कहा का न्याय है। क्या जाति और धर्म देखकर न्याय करना ही अमृत-काल है। इसके साथ ही राजकुमार ने सस्पेंड किए गए दोनों कर्मचारियों को फिर से बहाल करने की मांग भी की है।

**क्या है मामला**-दरअसल, राजस्थान में शिक्षक बनने से पहले आयोजित की गई पात्रता परीक्षा के दौरान डूंगरपुर जिले के परीक्षा केंद्र में दो ब्राह्मण अभ्यर्थियों को जनेऊ उतरवाने के बाद परीक्षा केंद्र में एंट्री दी गई थी। इसके बाद से ही प्रदेशभर में काफी विवाद शुरू हो गया था। कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने राजस्थान विधानसभा में इसे भजनलाल सरकार का फेलियर बताया था। वहीं प्रदेशभर में अलग - अलग ब्राह्मण और सामाजिक संगठनों ने भी जनेऊ उतरवाने का विरोध किया था। जिसके बाद डूंगरपुर जिला प्रशासन ने इस पूरे मामले की जांच करने के साथ ही महिला सुपरवाइजर और कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया था।

## चलती ट्रेनों में चोरी करने वाली सास-बहू गिरफ्तार : भीड़ का फायदा उठा यात्रियों के बैगों से चुराती गहने-कैश, 5 लाख का माल बरामद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में चलती ट्रेन में चोरी करने के मामले में जीआरपी थाना पुलिस ने सास-बहू को अरेस्ट किया है। वह भीड़भाड़ का फायदा उठाकर यात्रियों के बैग खोलकर गहने-कैश चुराती थी। पुलिस पकड़ने के लिए जब पीछे लगी तो बचने के लिए हरियाणा भाग गई। जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी सास-बहू से चुराए गए 5 लाख रुपए कीमत के गहने भी बरामद कर लिए हैं।

पुलिस निरीक्षक अरुण चौधरी ने बताया- ट्रेनों में चोरी के मामले में आरोपी चंदरानी (54) पत्नी राजेश और काजल (25) पत्नी रोहन निवासी टोहना फतेहाबाद हरियाणा, हाल मंगलम सिटी कालवाड़ रोड को अरेस्ट किया है। दोनों रिश्ते में सास-बहू हैं। 22 फरवरी को पीड़ित ईश्वर सिंह ने जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। शिकायत में बताया- 18 फरवरी को वह अपनी पत्नी के साथ जयपुर रेलवे स्टेशन से जोधपुर जाने के लिए रणथम्भौर एक्सप्रेस में सफर कर रहे थे। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर पत्नी के हैंड बैग की चेन खोलकर सोने का कड़ा, चेन व टॉप्स चोरी कर लिए।

## तेजस्वी बोले- बिहार सरकार खटारा, सीएम थका-हारा : नीतीश का जवाब- तुम्हारे पिता लालू को मैंने बनाया, तुम्हारी जाति वाले कहते थे- ऐसा मत करो

बढ़ता राजस्थान

**पटना।** बजट सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को विधानसभा में सीएम नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बीच तीखी बयानबाजी हुई। मुख्यमंत्री ने तेजस्वी की ओर देखते हुए कहा- ये बच्चा है, इसे कुछ नहीं पता। 2005 के पहले कुछ नहीं था। तुम्हारे पिता (लालू) को भी हमने ही बनाया है। इससे पहले तेजस्वी यादव ने कहा, सरकार खटारा, सिस्टम नकारा, सीएम थका-हारा, आम आदमी मारा-मारा। तेजस्वी ने अपने पिता लालू के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं। सदन में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और तेजस्वी के बीच भी तीखी बहस हुई।

## तीन गाड़ियां टकराई, सरकारी बाबू समेत 2 की मौत : स्कॉर्पियो बाइक के टक्कर मारने के बाद पलटते हुए कार से भिड़ी; 9 घायल

बढ़ता राजस्थान

**चूरू।** चूरू में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बाइक के टक्कर मारने के बाद पलटी खाते हुए कार से भिड़ गई। हादसे में सरकारी बाबू समेत दो की मौत हो गई और 9 घायल हो गए। हादसा ह॥-52 पर ऊंटवालियां चौराहे के पास मंगलवार सुबह 11 बजे हुआ।

सदर थाने के हेड कॉन्स्टेबल मनोज कुमार ने बताया कि हादसे में बिसाऊ निवासी बरकत (35) और सीकर के रामनगर निवासी महिला रेशम कंवर (75) की मौत हो गई। वहीं चंडीगढ़ निवासी इनी (21), नेहाष (20), आयुष (25), रिदम (20), खुशी (19), अभिषेक (22) और अरुण (20) और सीकर निवासी समंदर सिंह (78) और अमृत (14) घायल हो गए। हेड कॉन्स्टेबल मनोज कुमार ने बताया कि चंडीगढ़ निवासी स्कॉर्पियो सवार सालासर बालाजी के दर्शन कर वापस घर लौट रहे थे। कार में सवार तीन लोग सीकर से धार्मिक स्थल जा रहे थे। ऊंटवालियां चौराहे के पास सामने से आई स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बरकत की मौत हो गई। बरकत घंटेल गांव के सरकारी स्कूल में यूडीसी था।

## खेत तीर्थ हैं, मैं खुद किसान, नेताओं को मजबूर कर दो, 24 घंटे चुनाव का नारा नहीं चलेगा : शिवराज

बढ़ता राजस्थान




**जोधपुर।** केंद्रीय कृषि किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- बार-बार होने वाले चुनाव देश की प्रगति और विकास में बाधक हैं। इसलिए संविधान में संशोधन कर 5 साल में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने चाहिए। जोधपुर में कृषि विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित तीन दिवसीय किसान मेले के समापन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव होंगे, तो सरकारें लगातार साढ़े 4 साल तक केवल काम में जुटी रहेंगी और इससे देश का विकास होगा। वास्तविक चमत्कार करने का सामर्थ्य धरतीपुत्रों किसानों में हैं, जो शुष्क धोरों में भी खजूर व अन्य विशिष्ट फसलें उत्पादित कर रहे हैं। किसान के लिए खेत, खेत नहीं तीर्थ है। उन्होंने जोधपुर कृषि विवि राजस्थान द्वारा किसानों को आधुनिक तकनीकी से जोड़ने और कृषि को लाभकारी बनाने में निभाई जा रही भूमिका की सराहना की। इस तीन दिवसीय किसान मेले में 9 हजार से अधिक किसानों ने भागीदारी निभाई।

किसान मेले के समापन समारोह में विवि की कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने विश्वविद्यालय की ओर से किए जा रहे नवाचारों और कृषक हित में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विवि कुल सचिव निशु कुमार अग्निहोत्री, विशेष अतिथियों के रूप में महाराणा प्रताप युनिवर्सिटी ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी उदयपुर के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक, श्री करण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. जे एस संधू, राष्ट्रीय मंत्री, किसान मोर्चा, शैलाराम सारण, मंतरेश सिंह, निदेशक, अटारी, डॉ. जेपी मिश्रा व एक राष्ट्र - एक चुनाव के सह संयोजक महेंद्र सिंह राठौड़ व प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ प्रदीप पगारिया, कृषि विवि की जनसंपर्क अधिकारी डॉ. संगीता शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।



## एमपी में 5 बड़े कारोबारियों के यहां आयकर की रेड

### 100 करोड़ की जमीन खरीदी; सतना में शादी के स्टीकर लगी 50 गाड़ियों से पहुंची टीम

बढ़ता राजस्थान

**सतना ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश के सतना में आयकर विभाग ने एक साथ 5 बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा। आयकर विभाग की टीम मंगलवार सुबह करीब 6 बजे 50 गाड़ियों से इनके ठिकानों पर पहुंची। बताया जा रहा है कि 100 करोड़ की जमीन खरीदने के बाद से ये आईटी के रडार पर थे।

सीताराम अग्रवाल के गोशाला चौक स्थित घर पर जब आयकर विभाग की टीम पहुंची तो उन्होंने दरवाजे बंद कर लिए। ऐसे में अफसर सीढ़ी लगाकर छत के सहारे घर में घुसे। रामा ग्रुप टिंबर और लोहा कारोबार से जुड़ा है। वहीं, सिविल कॉन्ट्रेक्टर अतुल मेहरोत्रा की मेहरोत्रा बिल्डकॉन कंपनी मास्टर प्लान और इंडस्ट्रियल एरिया में काम करती है। सेनानी ग्रुप के बिट्स इंजीनियरिंग कॉलेज और स्कूल हैं।

**एक-दूसरे से जुड़े हैं कारोबारी**-दरअसल, ये सभी कारोबारी किसी न किसी तरह एक दूसरे के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े हुए है। 100 करोड़ की जमीन खरीदी में वैसे तो मुख्य रूप से रामा ग्रुप के नरेश गोयल, मेहरोत्रा ग्रुप के अतुल मेहरोत्रा के अलावा सुनील सेनानी ही शामिल है।

लेकिन इस सौदे में लेन देन की अहम भूमिका निभाने वाले हुंडी कारोबारी सीताराम अग्रवाल उर्फ रामू दलाल भी लपेटे में आ गए। इसी तरह अतुल मेहरोत्रा के साथ मिलकर बड़ी फ्लोर मिल डालने की वजह से संतोष गुप्ता भी आईटी की नजर से नही बच पाए।

## राजीविका रंगोत्सव ग्रामीण महिला उद्यमशीलता का उत्सव ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में राजीविका का अहम योगदान : मुख्य सचिव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** शासन सचिवालय में मंगलवार को मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत द्वारा राजीविका रंगोत्सव - 2025 का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन शासन सचिवालय में 4 मार्च से 7 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राजीविका से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उद्यमशीलता की सफलता को प्रदर्शित किया जायेगा।

मुख्य सचिव ने शर्बत स्टॉल, बगरू प्रिन्ट दुपट्टा, कशीदाकारी बैग, बाजरा कुकीज आदि स्टॉलो से खरीददारी कर महिला उद्यमियों का उत्साह बढ़ाया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत की और आत्मनिर्भरता की दिशा में उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने राजसमंद व जोधपुर जिलों में शर्बत व बाजरा आधारित उत्पादों की बिक्री की सराहना की। राजीविका रंगोत्सव का उद्देश्य राज सखियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किये गये असाधारण कार्यो को प्रदर्शित करना है, जिन्होंने सफल उद्यमियों के रूप में अपनी पहचान बनाई है। इस आयोजन में हस्त निर्मित एवं जैविक उत्पाद सीताफल, नीम और गेंदा जैसे जैविक तत्वों से निर्मित हर्बल गुलाल, हिमाल्यन मल्टी फ्लोरा, जामुनहनी, वाईल्ड फोरेस्ट सरसों हनी से निर्मित फ्लेवर्ड हनी, हस्त निर्मित साबुन, पर्सनल केयर उत्पाद, पारम्परिक स्नेक्स, चमड़े के उत्पाद, हस्त निर्मित वस्त्र और पारम्परिक परिधान, सस्टेनेबल व लकड़ी के हस्तशिल्प और आभूषण बॉक्स, ब्लू पोटरी, पेन्टिंग्स और पारम्परिक पेय पदार्थ शामिल है।




## औरंगजेब विवाद : सपा विधायक अबू आजमी ने बयान वापस लिया कहा था- औरंगजेब ने मंदिर बनवाए, वह क्रूर शासक नहीं था

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ से शुरू हुए विवाद के बाद महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने अपना बयान वापस ले लिया है। उन्होंने मंगलवार को कहा- मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है। लेकिन फिर भी मेरी बात से कोई आहत हुआ है तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं।

बीते दिन आजमी ने कहा था कि- हमें गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए हैं। मैं उसे क्रूर शासक नहीं मानता। छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता और संपत्ति के लिए लड़ाई थी। अगर कोई कहता है कि यह लड़ाई हिंदू और मुसलमान को लेकर थी, तो मैं इस पर विश्वास नहीं करता।

विवाद बढ़ने पर अबू आजमी ने कहा- इसे हिंदू-मुसलमान एंगल न देंविवाद बढ़ने पर अबू



आजमी ने कहा था- औरंगजेब ने मंदिरों के साथ मस्जिदों को भी नष्ट किया। अगर वह हिंदुओं के खिलाफ होता, तो 34त्न हिंदू उसके साथ नहीं होते। उसके शासनकाल में भारत को स्वर्ण चिड़िया कहा जाता था। इसे हिंदू-मुसलमान एंगल से नहीं देखना चाहिए। सपा विधायक ने आगे कहा था- औरंगजेब ने 52 वर्ष शासन किया और अगर वह सच में हिंदुओं को मुसलमान में परिवर्तित करते, तो सोचिए कितने हिंदू परिवर्तित हो जाते।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

## हिमाचल के ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी : शिमला में गिरे बर्फ के फाहे, मनाली में एक सप्ताह में दूसरी बार हिमपात, तापमान में गिरावट

बढ़ता राजस्थान

**शिमला ( एजेंसी )।** हिमाचल प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बीती रात से बर्फबारी हो रही है। शिमला में रात में ओलावृष्टि हुई और सुबह 9 बजे रिज समेत आसपास के क्षेत्रों में हल्की बर्फ गिरी। हालांकि दो से तीन मिनट बाद स्नोफॉल रुक गया। पर्यटन स्थल मनाली में एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार अच्छी बर्फ गिरी है। इससे पर्यटक खुशी से झूम उठे हैं।

प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में बीती रात से रुक रुक कर बारिश हो रही है। कांगड़ा, सुजानपुर, हमीरपुर, शिमला, मंडी के कई क्षेत्रों में रात में अच्छी बारिश हुई। लाहौल स्पीति और चंबा के कई क्षेत्रों में आधा फीट से ज्यादा ताजा हिमपात हुआ है।

### आज इन जिलों में

### बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान

मौसम विभाग के अनुसार, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिले में आज भी बारिश एवं बर्फबारी का पूर्वानुमान है। अन्य जिलों में मौसम साफ रहेगा।

कल से वेस्टर्न डिस्टरबेंस कमजोर पड़ेगा और अगले तीन-चार दिन तक प्रदेशभर में मौसम साफ हो जाएगा। बारिश-बर्फबारी के बाद पहाड़ों पर मार्च में भी दिसंबर-जनवरी जैसी ठंड लौट आई हैं। प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से -6.3 डिग्री नीचे गिर गया है, जबकि बीते 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में 5.5 डिग्री की कमी आई है। चंबा के तापमान में सबसे ज्यादा गिरावट आई है। चंबा का अधिकतम तापमान नॉर्मल से 14 डिग्री नीचे लुढ़कने के बाद 11.4 डिग्री सेल्सियस रह गया है। भुंतर का अधिकतम तापमान भी नॉर्मल से 10.4 डिग्री नीचे गिरने



के बाद 10.5 डिग्री और मंडी का तापमान 10.9 डिग्री नीचे लुढ़कने के बाद 114.7 डिग्री सेल्सियस रह गया है। अन्य शहरों के तापमान में भी इसी तरह गिरावट आई है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. ) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )